हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 5 जुलाई, 2025

तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

10 हादसों का खतरा, नेहरू नगर से पुलगांव चौक तक स्ट्रीट लाइट बंद



11 मल्लिकार्जुन की 7 को रायपुर में सभा दुर्ग से कार्यकर्ता जाएंगे बड़ी संख्या में








# दुर्ग के एयरफोर्स जवान की नैनीताल में डूबने से मौत, दोस्त के साथ गया था पिकनिक मनाने

## दो साल पहले पठानकोट पंजाब में हुई थी पोस्टिंग, परिवार कैलाश नगर में निवासरत

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



कैलाश नगर दुर्ग निवासी प्रिंसराज यादव (22 वर्ष) की नैनीताल में डूबने मौत हो गई। वह पाठनकोट पंजाब में एयरफोर्स में पोस्टेड था। 3 जुलाई को अपने तीन दोस्तों के साथ नैनीताल घूमने गया था। इस दौरान वह परिताल से करीब 2 किमी दूर मुसाताल में नहाते हुए डूब गया। उसके साथ उसका एक अन्य दोस्त साहिल भी डूब गया। दोनों की मौत हो गई। शुक्रवार को प्रिंस का शव घर पहुंचा। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हफ्तेभर पहले ही वह दुर्ग से रवाना हुआ था। उसने घर पर जल्द लौटने की बात भी कही थी। इसके बाद शुक्रवार को उसका शव आया। जानकारी के बाद से घर में मातम छाया हुआ है। प्रिंस के पिता भी बिस्तर में हैं और डायलिसिस पर चल रहे हैं। जानकारी के मुताबिक प्रिंस अपने दोस्त साहिल कुमार, नयाल सौरभ सिंह, बृजेन्द्र के साथ सुबह करीब 12 बजे नदी में नहाने उतरा। नदी में बहाव अधिक होने की वजह से वह डूबने लगा। इस दौरान उसका एक साथी साहिल भी डूब गया। दोनों की डूबने से मौत हो गई। प्रिंस और साहिल दोनों ही मूलतः बिहार के रहने वाले हैं। प्रिंस का परिवार दुर्ग में आकर बस गया। उसका एक भाई और एक बहन है। पिता का छोटा सा बिजनेस है। पिता के सपने को पूरा करने के लिए प्रिंस ने एयरफोर्स ज्वाइन किया था।




### जानकारी के बाद से पूरा परिवार सदम में

प्रिंस की मौत की खबर के बाद से पूरा परिवार सदम में है। प्रिंस के पुराने दोस्तों ने बताया कि प्रिंस शुरू से हंसमुख रहा है। हम सभी ने सनशाइन हायर सेकंडरी स्कूल से 12वीं तक की पढ़ाई की। इसके बाद ग्रेज्युएट की पढ़ाई की। शुरू से उसका सपना एयरफोर्स में जाने की थी। उसने इसके लिए कड़ी मेहनत भी की। इसके बाद उसकी नौकरी भी लग गई। पिछले दिनों ही वह दुर्ग आया था। इस दौरान उसने अपने सारे पुराने दोस्तों से मुलाकात की। हमने साथ में काफी समय बिताया। जल्द ही मिलने की बात कहकर वह पठानकोट गया था। इसके बाद सीधे उसकी मौत की खबर आई।

# आईएनआई एग्जाम में भिलाई के महीम सेठी को 12वीं रैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की ओर से इंस्टीट्यूट ऑफ नेशनल इंपोर्टेंस कंबाइंड एंट्रेंस टेस्ट (आईएनआई एसएस) के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इसमें भिलाई स्मृतिनगर के डॉ. महीम सेठी को 12वीं रैंक हासिल हुई है। बता दें कि देश में सिर्फ 27 लोगों का चयन इस एग्जाम में किया जाता है। उन्होंने एम्स के हायर सेंटरों में पढ़ने का मौका मिलता है। भिलाई से एक मात्र डॉ. महीम सेठी का सलेक्शन हुआ है। डॉ. सेठी नेफ्रोलॉजी के डॉक्टर हैं। उन्होंने एमबीबीएस के बाद एमडी मेडिसीन की पढ़ाई की। इसके बाद से वे सितंबर 2023 से मार्च 2025 तक एम्स रायपुर में सेवा दे रहे थे। एग्जाम के लिए उन्होंने अवकाश लेकर तैयारी की। इसके बाद उन्हें 12वीं रैंक हासिल हुई।



- एम्स के हायर सेंटर में डीएम की पढ़ाई का मौका

### महीम के पिता जाने-माने डॉक्टर

माहिम के पिता डॉ. सुरेश सेठी शहर के जाने माने डॉक्टर हैं। वे भी नेफ्रोलॉजी विशेषज्ञ हैं, जो शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज में सेवाएं दे रहे हैं। उनकी मां डॉ. भारती सेठी भिलाई-तीन शासकीय कॉलेज में सेवारत हैं। डॉ. महीम सेठी ने हरिभूमि से विशेष बातचीत में बताया कि एग्जाम काफी टफ होता है। एम्स जैसी संस्थान से डीएम करने का मौका मिलेगा। पूरे देश से सिर्फ 27 लोगों का सलेक्शन होना है। दाखिले के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया 9 जुलाई से शुरू हो रही है। काउंसिलिंग के बाद ही सेंटर का निर्धारण होगा।

# प्राण घातक हमला करने वाले गिरफ्तार



**भिलाई।** प्राणघातक हमला करने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि सुशील कुर्रे ने पुलिस में शिकायत किया था कि अपने घर के बाहर काली मंदिर के पास खड़ा था। तभी पुरानी रंजिश को लेकर जवाहर नगर निवासी अल्ला उर्फ लव, ईशु उर्फ इन्द्रकुमार जांगड़े ,इमरान खान ,ओमकार निषाद ने गाली गलौज किया। उसके बाद जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किया। मौका मिलते ही अल्ला ने अपने पास रखे चाकू से पीड़ित पर हमला कर दिया।






## खबर संक्षेप



### धान संग्रहण केन्द्रों में सड़क मरम्मत कार्य प्रारंभ

**दुर्ग।** जिले के धान संग्रहण केन्द्र सेलूद और अरसनारा अंतर्गत सड़क मरम्मत का कार्य प्रारंभ हो गया है। संग्रहण केन्द्र के सड़कों में गड्ढे मलबे और मुरूम से भरे जा रहे हैं। जिससे अब धान परिवहन व्यवस्था सुगम हो जाएगी। धान से लोडेड ट्रक अब फंसेंगे नहीं, जिससे धान परिवहन में तेजी आएगी। वहीं संग्रहण केन्द्रों से धान का उठाव भी तेज गति से होगी। ज्ञात हो कि विगत दिवस कलेक्टर अभिजीत सिंह ने धान संग्रहण केन्द्रों का निरीक्षण कर सड़कों के गड्ढे मलबों एवं मुरूम से भरने के निर्देश दिये थे। अरसनारा संग्रहण केन्द्र में नगर पालिका अहिवारा एवं जामुल से वहीं सेलूद संग्रहण केन्द्र में भिलाई-3 चरौदा निगम से मलबे लाये जा रहे हैं। संग्रहण केन्द्र में ट्रकों के आवाजाही के लिए गड्ढों में मलबे एवं मुरूम डालकर मार्ग मरम्मत किया जा रहा है।

### राजनीतिक पार्टियों को निर्वाचन आयोग की नोटिस

**दुर्ग।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा राष्ट्रीय आदिवासी बहुजन पार्टी के अध्यक्ष, प्लाट नंबर 4, पुष्पक नगर जुनवानी रोड भिलाई जिला दुर्ग तथा राष्ट्रीय समाजवादी स्वाभिमान मंच के अध्यक्ष, प्लाट नंब 33/34 लक्ष्मी नगर रिसाली दुर्ग को वर्ष 2019 से पिछले 6 वर्षों में लोकसभा या किसी राज्य विधानसभा उपचुनाव में किसी भी चुनाव में कोई उम्मीदवार खड़ा नहीं करने के चलते कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त पार्टियों को 11 जुलाई 2025 को सुनवाई के लिए कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी में उपस्थित होने कहा गया है। सुनवाई के दौरान दल के अध्यक्ष, महासचिव, प्रमुख को अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

### सहायक स्वास्थ्य अधिकारी कार्यभार से मुक्त

**दुर्ग।** नगरनिगम में पहली बार स्वास्थ्य विभाग प्रभारी के आलावा नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। जिसे महज डेढ माह के अंदर ही कार्यमुक्त कर दिया गया है। नगरनिगम में प्रोग्रामर पंकज चंद्रवंशी को स्वास्थ्य विभाग का अतिरिक्त नोडल अधिकारी का प्रभार दिया गया था, जिसे बुधवार को आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने आदेश जारी कर कार्यमुक्त कर दिया है। इसे लेकर नगरनिगम में चर्चा का माहौल गरम है।

**अनदेखी :** लगातार शिकायत के बाद भी नींद से नहीं जाग रहा प्रशासन

# हादसों का खतरा, नेहरू नगर से पुलगांव चौक तक स्ट्रीट लाइट बंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

इन दिनों दुर्ग व भिलाई में हाईवे की अधिकांश लाइटे बंद है। एकतरफ जहां पुलिस प्रशासन यातायात सुरक्षा की बात कर रही हैं, वहीं शुक्रवार को यातायात सुरक्षा को लेकर जिला कार्यालय में रायशुमारी की गई। इस तरह अव्यवस्था के बीच प्रशासन की बैठक समझ से परे है।

पिछले कई दिनों से नेहरू नगर चौक से पुलगांव और पुलगांव से दुर्ग बाइपास सडक में स्ट्रीट लाइटे बंद है। यही नहीं पुलगांव से अंडा स्टेट हाईवे मार्ग भी अंधकार में डूबा है। इधर भिलाई पावर हाउस के नीचे भी स्ट्रीट लाइटे बंद है। ऐसे में जिला और पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात सुरक्षा की बात करना नाकाफी साबित हो रही है। सडक के बीच इस तरह अंधेरा होने से कभी भी बडी दुर्घटना घट सकती है। पुलगांव चौक में रोजाना सैकडों वाहनों की आवाजाती रहती है। सडक के बीच आय दिन मवेशियों के झूंड से दुर्घटना होती है।

### शासन से बिजली लगाने नहीं मिली राशि

पुलगांव से अंडा मार्ग (लं. 12.00 कि.मी) में स्ट्रीट लाईट एवं हाई मास्ट लाईट लगाये जाने हेतु प्राक्कलन राशि 3 करोड रूपए तथा मैत्री गार्डन चौक से फुण्डा मार्ग (लं. 23 कि.मी.) में स्ट्रीट लाईट एवं हाई मास्ट लाईट लगाये जाने हेतु प्राक्कलन राशि रू. 5 करोड 40 लाख का तैयार कर वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल करने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत की गई थी। उक्त दोनों कार्य में से केवल मैत्री गार्डन चौक से फुण्डा मार्ग में स्ट्रीट लाईट एवं हाई मास्ट लाईट लगाये जाने का कार्य बजट में शामिल की गई है। जबकि पुलगांव से अंडा मार्ग की स्वीकृति भी अटकी हुई है।

### सांसद ने कहा हाईवे किनारे से हटाए शराब की दुकानें

**दुर्ग।** जिला सभाकक्ष में सांसद विजय बघेल ने अफसरों की बैठक ली। इस दौरान उन्होने दुर्घटना रोकने सभी तरह के मापदंड पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होने राष्ट्रीय राज्य मार्ग किनारे स्थित शराब दुकानों को दूसरी जगह स्थानांतरित करने के निर्देश दिए, वही दुर्ग बाईपास से हैवी वाहनों की एंट्री बंद करने के निर्देश बैठक में पुलिस प्रशासन को दिए।



सांसद विजय बघेल ने कहा यातायात नियमों की उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई होना चाहिए, लेकिन यह ध्यान रखा जाए कार्रवाई के नाम पर आम जनता परेशान न हो। समयबद्ध ढंग से एक-एक करके अनावश्यक डिवाइडर को बंद करायी जाए। एजेंडावार क्रमशः नेशनल हाइवे 53 में सर्विस रोड व मुख्य मार्ग के बीच सड़क बेरियर लगाने जाने, अतिक्रमण हटाने, रोड मार्किंग व समुचित प्रकाश व्यवस्था। ज्योति कटिंग, जनता कटिंग को बंद कर रेल नगर चरोदा कटिंग को खोलने, मार्केट एरिया व व्यवसायिक संस्थानों के सामने रोड को व्हाईट पट्टी से मार्किंग। शहर के प्रमुख चौक-चौराहे पर लेफ्ट टर्न बनाने, दुर्घटना में घायलों की प्राथमिक उपचार हेतु एम्बुलेंस की व्यवस्था। स्कूल के सामने संकेत बोर्ड, चेतावनी बोर्ड, साईन बोर्ड, नो पार्किंग एवं अन्य आवश्यक बोर्ड लगाने। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे संचालित शराब दुकानों को अन्य जगह स्थांनातरित करने। नो एन्ट्री जोन, गुरूद्वारा तिराहा से दुर्ग शहर की ओर एवं अंजोरा बायपास से पुलगांव दुर्ग शहर की ओर भारी मालवाहकों के प्रवेश को प्रतिबंधित करने।

### यहां पार्किंग बनाने के निर्देश

दुर्ग के बस स्टैण्ड, सुलभ शौचालय के पीछे एरीकेशन विभाग के रिक्त भूमि पर पार्किंग स्पेस तैयार कराने। राजेन्द्र पार्क चौक, ग्रीन चौक एवं पुलगांव चौक से जेल तिराहा तक मीडियम साइज डिवाइडर बनाने। झरोखा बोगदा पुलिया से डी-मार्ट एवं आरोग्यम हॉस्पिटल से बोगदा पुलिया तक सड़क मार्ग की दोनों ओर सर्विस रोड का निर्माण। उतई पाटन एवं पाटन मोतीपुर अमलेश्वर, पुलगांव अण्डा रोड में रात्रि के समय समुचित प्रकाश की व्यवस्था। रेल चौक (ग्लोब चौक) में सिग्नल की स्थापना, खुर्सीपार रोलिंग मिल गेट से सिरसाकला चौक तक बीएसपी बाउण्ड्रीवॉल के किनारे-किनारे राष्ट्रीय राजमार्ग के पैरलर सड़क निर्माण।

## खाद और बीज उपलब्ध नहीं होने पर किसानों का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

▪ छग प्रगतिशील किसान संगठन का पटेल चौक में

खेती किसानी के बीच खाद व बीज नही मिलने से आक्रोशित किसानों ने बुधवार को पटेल चौक में जमकर प्रदर्शन किया। पिछले एक महीने से समितियों में मांग की तुलना में खाद का आधा भंडारण ही होने के कारण कृषि कार्य छोड़कर समितियों का चक्कर काट रहे हैं, धान की बोनी करने के लिए डीएपी खाद और बाद में यूरिया खाद जरूरी है, समितियों में खाद समय पर उपलब्ध नहीं होने क कारण किसान बाजार से अधिक दाम में खरीदने के लिए मजबूरी है।

किसानों ने कहा कि निजी दुकानदार द्वारा नाजायज़ फायदा उठाया जा रहा है, धड़ल्ले से अमानक खाद की बिक्री हो रही है, समितियों में उच्च गुणवत्ता के धान के बीज भी उपलब्ध नहीं है। बड़ी संख्या में किसान रोपा पद्धति से खेती करते हैं सिंचाई पंप वाले किसान थरहा डालते हैं। जिनमें पानी की जरूरत होती है, लेकिन जब किसानों को जरूरी है। बिजली आपूर्ति में बड़ी बाधा आ रही है। अधिकतर ट्रांसफार्मर में क्षमता से अधिक भार है, ट्रांसफार्मर जल जाते हैं। ऐसे में किसान बिजली कटौती से परेशान है। किसानों ने सरकार पर आरोप लगाया है कि, वह धान खरीदी से छुटकारा पाना चाहती है इसलिए खाद, बीज और बिजली का जानबूझकर के कृत्रिम संकट पैदा किया गया है ताकि किसान पूरी क्षमता से धान की बोनी न करें। किसान पटेल चौक में इकट्ठा हुए और रैली निकाल कर नारेबाजी करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और मुख्यमंत्री ने नाम डिप्टी कलेक्टर पिस्दा को ज्ञापन सौंपा।

### बीसीसीआई के प्रतिनिधि 6 को करेंगे मुआयना

**दुर्ग।** देश को अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी देने वाले दुर्ग के पं. रविशंकर स्टेडियम की जल्द तस्वीर बदलेगी। वर्तमान में जर्जर व दयनीय स्टेडियम को नया स्वरुप देने दुर्ग जिला क्रीड़ांगन समिति के अध्यक्ष व कलेक्टर द्वारा छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीए) के जरिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को लीज पर हैंडओवर कर दिया गया है। इस संबंध में दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव के पहल पर कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा स्टेडियम के लैंड यूज, निर्माण कार्य और अन्य कार्ययोजना से संबंधित प्रस्ताव तैयार कर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ को प्रेषित किया गया है। यह प्रस्ताव छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ को मिल भी गया है।

## सड़कों में घूमने वाले पशुओं के गले में बांधी जा रही है रेडियम की पट्टियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

▪ मवेशियों व लोगों को दुर्घटना से बचाने चलाया जा रहा अभियान


सड़कों में आवारा घूमने वाले पशुओं के गले में नगर निगम द्वारा अभियान चलाकर रेडियम पट्टियां बांधी जा रही है ताकि शहरी क्षेत्र में असमय होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। नगर की सड़को में रात्रि के समय आवारा गौ वंशों की मौजूदगी बनी रहती है, जिससे दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों को अधेंरे में पशु नहीं दिखाई देते जिस कारण सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।महापौर अलका बाघमार व आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश



पर अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर के नेतृत्व मे यह अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत निगम की अतिक्रमण की पूरी टीम द्वारा गौरव पथ मुख्य मार्ग से कातुलबोर्ड मार्गहोकर पुलगांव से राजनांदगाव गांव रोड तक पैदल मार्च करते मुख्य मार्ग पर बैठे हुए उन सभी जानवरों को हटाया गया।

साथ ही रास्ते में जितने भी आवारा जानवर मिले उनके गले में रेडियम बेल्ट बांधे गए और उनके सींगो पर रेडियम रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए। इन रिफ्लेक्टिव बेल्ट की खासियत यह है कि जब भी इन पर लाइट पड़ती है तो यह चमकता है जिससे दूर से ही वाहन चालकों को यह पट्टियां चमकती हुई दिख जाती है। जिससे वाहन चालक सतर्क हो जाते है और अकस्मात घटना होने की संभावना बहुत कम हो जाती है। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने पशु मालिकों से आग्रह किया है कि वे अपने मावेशियों को बांध कर रखें सड़क दुर्घटना के समय मवेशी भी घायल होते है। जब हम जानवरों को पालते हैं तो हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम उनकी देखभाल और उनकी सुरक्षा का भी ध्यान रखें। इसके साथ ही निगम आयुक्त ने निर्देश दिए कि ऐसे पशु मालिकों को चिन्हित कर नोटिस के साथ उन पर दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

## शहर में गली-गली गंदगी से शहरवासी परेशान-वोरा



**दुर्ग।** पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री अरुण वोरा ने दुर्ग शहर के वार्ड 13 (मोहन नगर) का दौरा किया। इस दौरान लगातार उन्हें मोहन नगरवासियों से सफाई अव्यवस्था के लिए शिकायतें प्राप्त हुईं। स्थानीय निवासियों ने अवगत कराया कि, क्षेत्र में अनेक स्थानों पर नालियाँ पूरी तरह जाम हैं। साफ-सफाई के अभाव में सांप, बिच्छू और चूहों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि हुई है। सड़कें अवरुद्ध हैं, रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था पूर्णतः अनुपस्थित है, और वातावरण में दुर्गंध व्याप्त है। वार्ड 13 के निरीक्षण के पश्चात अरुण वोरा वार्ड 26 पहुँचे, जो कि पूर्व महापौर आर.एन. वर्मा का वार्ड है। यहाँ की स्थिति भी कम चिंताजनक नहीं थी। दुर्ग गुरुद्वारा के समीप पुल के नीचे एक पुरानी पाइपलाइन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त अवस्था में पाई गई, जिससे प्रतिदिन हजारों गैलन पेयजल व्यर्थ बह रहा है। इस अवसर पर पूर्व सभापति राजकुमार नारायणी भी उपस्थित रहे।

## अव्यवस्थित पार्किंग और अवैध कब्जों को देखकर भड़के प्रभारी महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

▪ जल्द व्यवस्था दुरुस्त करें

प्रभारी महापौर नरेंद्र बंजारे ने एमआईसी सदस्य काशीराम कोसरे, शिव नायक, नीलेश अग्रवाल, बाजार अधिकारी शुभम गोइर के साथ गंजपारा क्षेत्र का जायजा लिया। श्री बंजारे के औचक निरीक्षण के दौरान गंजपारा में मनमानी अव्यवस्था का आलम देखने को मिला।

क्षेत्र में सड़क किनारे अवैध कब्जों से सामना हुआ। इस दौरान नाराजगी जताते हुए प्रभारी महापौर नरेंद्र बंजारे ने तत्काल व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने दुकानों के बाहर सामान और कई जगह गुमटी, ठेले मिले यह देखकर उन्होंने सीमा के अंदर कारोबार करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा सड़क किनारे रोड को कब्जा मुक्त कराए, ताकि लोगो को आवाजाही में



सुविधा हो।

बात दें कि भारतीय स्टेट बैंक के पीछे गंजपारा क्षेत्र का दौरा कर अतिक्रमण को हटाने के बाद, व्यापारियों को व्यवस्थित करने के लिए गुमटियां बनाने की योजना बनाई जा रही है। बीते दिनों निगम प्रशासन द्वारा अतिक्रमण को हटाने के बाद अब शहर के निगम प्रशासन ने सड़कों को चौड़ा करने और यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए व्यवस्थापन किया है। उन्होंने गंजपारा के लिए लगभग 40 से 50 गुमटियां बनवाने की तैयारी के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

## बिजली लाइन से प्रभावितों को नहीं मिला मुआवजा

**दुर्ग।** विकासखंड के मचांदुर, कातरों, मातरो सहित दर्जनों गांवों के सैकड़ों किसान 400 केव्ही. डीसीसी रायपुर संचरण लाइन के कारण प्रभावित हुए हैं, लेकिन अब तक प्रशासन द्वारा मुआवजा नहीं दिया गया है। प्रभावित किसानों ने एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा और कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों की भूमि पर बिजली टावर लाइन मार्च-अप्रैल 2025 से ही विद्युत प्रवाह के लिए चालू कर दी गई है। इसके बावजूद किसानों को अब तक मुआवजा नहीं मिला है, जिससे वे आर्थिक संकट में हैं। किसानों की निजी भूमि पर टावर निर्माण एवं विद्युत लाइन गुजरने के बावजूद आज दिनांक तक किसी भी किसान को मुआवजा राशि नहीं मिली है। किसानों का कहना है कि, उनके साथ अन्याय किया जा रहा है। इस दौरान गजेन्द्र साहू, मन्नू लाल साहू, द्वारिका साहू, खोमेन्द साहू, रूद्रेश्वर साहू, नारायण साहू, लोकेश साहू, मनोहर लाल साहू, पुकेश साहू, बाबुलाल साहू सहित अन्य किसानों ने शिकायत दर्ज कराई है।



### प्रशासन की चुप्पी पर नाराजगी

किसानों ने कहा कि बार-बार निवेदन करने के बावजूद प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। इससे किसानों में आक्रोश है और वे आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर हो रहे हैं। मचांदुर, कातरों, मातरो सहित दुर्ग ब्लॉक के दर्जनों गांवों के किसान इस टावर लाइन से प्रभावित हैं। इन गांवों के किसानों ने अपनी समस्याओं को लेकर एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है। ढालसिंह साहू ने कहा कि टावर लाइन से प्रभावित सभी किसानों की मुआवजा संबंधित मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

## सांसद ने बच्चों को पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

▪ जेआरडी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

सांसद विजय बघेल के मुख्य आतिथ्य में तथा विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर, विधायक दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव की उपस्थिति में आज जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम जेआरडी बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक शाला में आयोजन किया



गया। बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि सांसद श्री बघेल और अन्य अतिथियों ने आंगनबाड़ी के नन्हे-मुन्ने बच्चों को तिलक लगाकर, माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इसके साथ ही पहली, छठवीं एवं नवमी कक्षा के नवप्रवेशी विद्यार्थियों को गणवेश और पाठ्यपुस्तकें भेंट की गईं। अतिथियों का स्वागत बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर किया गया।

इसके साथ ही विभिन्न शासकीय विद्यालयों से आए कक्षा पहली, छठवी और नवमीं के नवप्रवेशी विद्यार्थियों को भी तिलक लगाकर गणवेश और पाठ्यपुस्तक भेंट किया। सांसद ने कहा ये स्कूल की ऐतिहासिक महत्ता रही है, जहां से पढ़कर कई छात्र आज उच्च पदों पर कार्यरत हैं। उन्होंने सरकारी स्कूलों की बदली छवि की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद ये स्कूल बेहतर परिणाम दे रहे हैं और प्राइवेट स्कूलों के समकक्ष खड़े हो रहे हैं। सांसद बघेल ने कहा कुछ वर्षों पहले तक यह माना जाता था कि शासकीय स्कूलों में न तो पढ़ाई होती है और न ही पर्याप्त व्यवस्था होती है, लेकिन आज स्थिति पूरी तरह बदल गई है। सांसद बघेल ने कहा कि पीएमश्री योजना के माध्यम से शिक्षा प्रणाली में व्यापक बदलाव आया है और इसका लाभ आने वाली पीढ़ियों को मिलेगा। विधायक ग्रामीण ललित चंद्राकर ने भी शाला प्रवेश उत्सव को सम्बोधित किया। विधायक गजेन्द्र यादव ने भी अपने छात्र जीवन की यादें साझा कीं और शिक्षक व विद्यालय प्रशासन को उनकी सकारात्मक पहल के लिए धन्यवाद दिया।

**वेस्ट मटेरियल की उपयोगिता के बारे में ली जानकारी**

# अफसरों ने देखा संकरी में स्थापित ठोस अपशिष्ट प्लांट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

▪ एकत्रित अवशिष्ट का निपटान आसानी से किया जा रहा

रायपुर की 70 वार्डो में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन का कार्य किया जा रहा है। इस एकीकृत ठोस अपशिष्ट के प्रसंस्करण एवं निपटान हेतु ग्राम संकरी में प्लांट स्थापित कर संचालन एवं संधारण किया जा रहा है। जिसका परीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली एवं सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारी, दुर्ग, रिसाली, भिलाई-चरोदा एवं नगर पंचायत उतई, नगर पालिका जामुल के आयुक्त, सी.एम.ओ. एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना के क्रियान्वयन हेतु पी.पी.पी. मोड पे डिजाइन निर्माण, वित्त, संचालन एवं हस्तांतरण (डी.बी.एफ.ओ.टी) के आधार पर कार्य किया जाता है।



### पीपीपी मॉडल से चल रहा कार्य

संचालनकर्ता एजेंसी डेल्ही एम.एस.डब्लू. साल्यूशन लिमिटेड द्वारा जानकारी दिया गया कि डी.बी.एफ.ओ.टी एक प्रकार का सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल है, जहां एक पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल है, जहां एक निजी संस्था स्वच्छता परियोजना के डिजाइन निर्माण वित्तपोषण, संचालन और रखरखाव के लिए जिम्मेदार है। निरीक्षण अनुसार संयंत्र में 6 साईटिफिक लैण्डफिल साईट निर्मित है। जिसमें लगभग 15 फीट उचांई के प्लास्टिक परतयुक्त तालाबनुमा बड़ी संरचना तैयार की गई है। जिससे एकत्रित अवशिष्ट का निपटान आसानी से किया जा सके एवं वेस्ट से जल एवं थल प्रदूषित न हो।

### इस तरह हो रहा कचरे का निपटान

लिचेट ट्रीटमेंट प्लांट का भी निर्माण किया गया है, जिसके माध्यम से टैंक में एकत्रित लिचेट का ट्रीटमेंट कर वातावरण के अनुकूल बनाया जाता है। वृहत स्तर पर घरों से निकलने वाले गीले अपशिष्ट से खाद निर्माण एवं छानकर पेकिंग किया जा रहा है। रिसाइकलिंग के आधार पर प्लास्टिक अपशिष्ट का छोटा कतरन एवं धुलाई पश्चात दाना निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जिसे प्लास्टिक के अन्य सामग्रीयों के निर्माण हेतु विभिन्न उद्योगो में सप्लाई किया जाता है। इससे प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से कूड़े के प्रसंस्करण होने के कारण इससे होने वाले प्रदूषण से राहत मिली है साथ ही साथ भू-गर्भीय जल को लिचेट से होने वाले प्रदूषण से स्थानीय रहवासियों को सरुक्षित किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य है कि आसपास के निकाय और नगर पालिका निगम भिलाई संयुक्त रूप से एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्य एक साथ किए जाने के उद्देश्य से निरीक्षण किया गया है।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

**उदघोषणा**

रा.प्र.क्र.-202507103000006
अ-74/ वर्ष 2024-2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक :- देवेन्द्र कुमार मिश्रा पिता चन्द्र भानु मिश्रा पता- क्वा.नं. 5/एच. सड़क नं.-37, जोन-2, सेक्टर-11, खुर्सीपार, भिलाई विरूद्ध छ.ग. शासन मौजा उतई प.ह.नं. 52 नयापारा वार्ड खोपली रोड अंदर भाग प.ह.नं. 52 रा.नि.मं. उत्तई तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 716/6 रकबा 0.0200 हे. 2100 वर्गफीट भूमि को रजिष्टर्ड बैनामा दिनांक 15/04/2025 को विक्रेता अजित सिंह पिता अभयराज सिंह से क्रय कर काबिज है। उपरोक्त भूमि की नक्शा बटांकन नही हुआ है। नक्शा बटांकन किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 17/07/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02/07/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

क्षमा यदु
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)



## खबर संक्षेप



### सूने मकान में चोरी करने वाले पांच धरे गए

**भिलाई।** मकान में चोरी करने वाले पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि सीसीटीवी कैमरो का फुटेज मिलने के बाद पुलिस ने जांच किया। उक्त संदेहियो का पुलिस ने रेलवे स्टेशन सर्किट हाउस के पीछे नीले रंग की स्कूटी व बजाज प्लेटिना बाईक पर पांच लोगो का समान बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी कर पावर हाउस छावनी भिलाई निवासी विशाल सिंह, पावर हाउस राजेश साहू, कैम्प-2 संजय प्रसाद चौधरी, अण्डा सुनील देशलहरे ,साजा जिला बेमेतरा भूपेन्द्र कुर्रे को गिरफ्तार किया। आरोपियों से पूछताछ करने पर बताया कि रोजी मजदूरी का काम कर सूने मकानों का रैकी कर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियो से पुलिस ने सोना चांदी के जेवरात दो लाख रुपए का जब्त किया है। नगदी रकम 22 00 रुपए मिला है। यह कार्रवाई मोहन नगर व एसीसीयू की टीम ने किया है।

## निधन

### ठगीया बाई चंद्राकर



**दुर्ग।** बैगा पारा दुर्ग व वर्तमान में गिरधारी नगर में निवासरत ठगीया बाई चंद्राकर उम्र 96 वर्ष का निधन 4 जुलाई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरना बांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे सुनील न्यूज एजेंसी के मालिक स्व. भुवन लाल चंद्राकर, जीवन लाल चंद्राकर, पूरनलाल चंद्राकर, तोरण लाल चंद्राकर, किशन लाल चंद्राकर की मां एवं सुनील, संजय, देवेंद्र, मनोज, रामानुज, जयप्रकाश, ओमप्रकाश, दीपक की दादी थीं।

### राधेश्याम उपाध्याय



**भिलाई।** ओटेबंद निवासी सेवानिवृत्त पशु चिकित्सक राधेश्याम उपाध्याय 93 वर्ष का निधन 4 जुलाई को हो गया। उनका अन्तिम संस्कार 5 जुलाई को गृहग्राम ओटेबंद में सुबह 11 बजे किया जायेगा। वे दिनेश, राकेश, विनोद उपाध्याय के पिता थे।

### अनिल कुमार भारद्वाज



**भिलाई।** हर्षिल रॉयल कालोनी कातुलबोर्ड बाईपास निवासी बीएसपी के सेवानिवृत्त अधिकारी अनिल कुमार भारद्वाज का 4 जुलाई को दोपहर में निधन हो गया वे 75 साल के थे। 5 जुलाई को सुबह 11:00 उनके निवास से अंतिम यात्रा निकलकर रामनगर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा। वे शासकीय महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य शशि कांता भारद्वाज के पति, अमित कुमार भारद्वाज, सुमित कुमार भारद्वाज के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए।

# पूर्व सरपंच के कार्यों और बिलों का परीक्षण हुआ महुदा पहुंची जांच टीम के समक्ष ग्रामीण भी जुटे

**अंतिम रिपोर्ट आना बाकी, जांच टीम ने जुटाई जरूर जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



पाटन विधानसभा के ग्राम पंचायत महुदा में सहायक आंतरिक लेखा परिक्षण एवं कर अधिकारी प्रकोष्ठ की संयुक्त टीम ने पूर्व सरपंच मनोज साहू के कार्यकाल के दौरान हुए विभिन्न विकास कार्यों की जांच की।

स्थानीय निवासी राकेश कुमार साहू की शिकायत के निराकरण के लिए पहुंची टीम ने जरूरी जानकारी जुटाई। जांच के दौरान ग्राम पंचायत महुदा की वर्तमान सरपंच रेणुका गजेंद्र, पंच कामता पटेल, हेमराज साहू, अमितेश व ग्रामीण जन भी शामिल हुए।आवेदक कर्ता राकेश कुमार साहू एवम् ग्रामीणों के द्वारा मौका मुआयना के साथ जांच कराई गई । पूर्व सरपंच मनोज कुमार साहू के कराए गए 16 लाख रुपये के कार्य के बिलों को अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया।, जिसमें सहायक आंतरिक लेखा परीक्षक एवं करा अधिकारी प्रकोष्ठ के संयुक्त दल ने जांच की। इसकी अंतिम रिपोर्ट आना बाकी है। सक्षम अधिकारियों के समक्ष राकेश कुमार साहू ने अपना बयान रखा कि यदि 16 लाख के बिल जो बिना जीएसटीआईएन के लगाए गए है तो सूक्ष्म जांच हो।यह जानकारी राकेश कुमार साहू ने दी।

## दुर्ग ग्रामीण विधानसभा स्तरीय बैठक का किया गया आयोजन

# मल्लिकार्जुन की 7 को रायपुर में सभा दुर्ग से कार्यकर्ता जाएंगे बड़ी संख्या में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग/ सेलूद



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का 7 जुलाई को रायपुर आगमन हो रहा है। आयोजन में दुर्ग के भी कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसे लेकर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू मीनाक्षी नगर स्थित अपने निवास में बैठक ली। बैठक में विधानसभा प्रभारी कोको पाढ़ी मौजूद थे। ताम्रध्वज साहू ने कहा कि बड़े ही हर्ष की बात है कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष का छत्तीसगढ़ आगमन हो रहा है। विशाल सभा को विशाल जन समूह में तब्दील करने व सफल बनाने के लिए कांग्रेसजन तैयारी हो गई है। हमारा दायित्व है कि दुर्ग जिला एवं दुर्ग ग्रामीण विधानसभा से बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हों। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार विधानसभा स्तर पर बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में मुकेश चन्द्रकार, राकेश ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, मेयर शशि सिन्हा, नंद सेन, राकेश हिरवानी, रिवेन्द्र यादव, देवेंद्र देशमुख, जितेन्द्र साहू, झमित गायकवाड़ सहित अन्य मौजूद थे।

### खड़गे की किसान जवान संविधान जनसभा में उपस्थिति को लेकर बनाई रणनीति



**सेलूद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे "किसान-जवान-संविधान" जनसभा को संबोधित करने 07 जुलाई को रायपुर आ रहे हैं। जनसभा के सफल आयोजन में सहभागिता एवं आवश्यक दिशा निर्देश के लिए कांग्रेसी की बैठक पाटन विधानसभा के अंतर्गत नगर पालिका अमलेश्वर में रखी गई ।बैठक में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर , अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पाटन महेंद्र वर्मा विधायक प्रतिनिधि जीवनंदन वर्मा , ओमप्रकाश साहू, महेंद्र साहू, घनश्याम साहू, ओंकार घिंघोड़े, संतराम कुर्रे,अमृत सिंह राजपूत, विकाश वर्मा, दीपक घिघोड़े, भेजलाल सोनकर, पुनीत साहू, धर्मेंद्र साहू, विशाल सिंह राजपूत, शीतल सोनकर, मनीष साहू, दिनेश वर्मा,राजा चंद्राकर, तोरण साहू, मनीष यादव, राजा चंद्राकर, घनश्याम यादव गोविंदा निषाद व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शिक्षक का अपहरण करने वाले चार गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शिक्षक का अपहरण करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर बोरी पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी ग्रामीण अभिषेक झा ने बताया कि लिटिया निवासी सुनीता

■ बोरी पुलिस थाना क्षेत्र की घटना

देशलहरे ने पुलिस में शिकायत किया। 3 जुलाई की दोपहर शिक्षक दीपक देशलहरे ने फोन कर उसे बताया कि सभी लालबाग राजनांदगांव निवासी खरिमन दास बंजारे, सुमित कुमार बंजारे, गोकुल निर्मलकर, सावित्री बंजारे सभी पुरदा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में पहुंचे। इस दौरान स्कूल में आरोपियों ने हाथ मुक्के से मारपीट कर उसे जबरन कार सीजी 04 केडी 9009 में पीटते साथ लेकर गए। शिक्षक दीपक की बाइक ,सीजी 07 एलके 2169 को भी आरोपीगण अपने साथ लेकर गए। आरोपियों द्वारा रकम ब्याज समेत मांग कर रहे थे। बोरी पुलिस ने जांच में लिया और पतासाजी कर आरोपी खरिमन दास बंजारे, सुमित कुमार बंजारे, गोकुल निर्मलकर के पास से दीपक को बरामद किया। उसकी बाइक भी पुलिस ने जब्त किया। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। कार्रवाई में टीआई अनिल कुमार पटेल समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

# 18 दिन बाद भी सरकारी स्कूल में नहीं पहुंची किताबें, खाद भी नदारद: साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर अक्षमता का आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रदेश में मौजूदा हालात के चलते किसानो की आंखों में आंसू है। बीते पखवाड़े भर खेती किसानी में किसान फसल बोआई, थरहा, रोपाई में लगी है। वही स्कूली बच्चे बीते 18 दिनों से स्कूल जा रहे हैं, जहां भाजपा नेता प्रवेश उत्सव शामिल हो रहे हैं। स्कूलों की समस्याओं को लेकर जिम्मेदार आंख बंद करके बैठे है।



■ पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने साय सरकार को आड़े हाथों लिया

पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने जारी बयान में कहा कि शिक्षकों के युक्ति-युक्तिकरण के कारण हजारों ऐतिहासिक स्कूल बंद हो गए हैं। बहुत से सरकारी स्कूलों में पुस्तक पहुंची है न शिक्षक पहुंचे है। आज बच्चों को भोजन की गारंटी है शिक्षा की नहीं की नहीं। बुक स्कैनिंग के नाम नौनिहालों की भविष्य पर खतरा साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चे स्कूल में बिना पुस्तक के क्या पढ़ेंगे, यह सवाल सभी को परेशान कर रहा है। उन्होंने कहा कि देहातो में शिक्षा का बुरा हाल है बच्चे हैं तो शिक्षक नहीं। वही शहरों में हालात अलग हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के रवैए से स्पष्ट है भाजपा सरकार सिर्फ वसूली पर लगी है, बिजली बिल अनाप शनाप आ रहा है, हर घर नल जल योजना कछुआ गति से चल रहा है, जमीन की रजिस्ट्री महंगी हो गई है। उन्होंने कहा कि रेल किराया बढ़ा रहे हैं, जिससे छत्तीसगढ़ में यात्री काफी परेशान है आए दिन ट्रेन रद्द हो रही है। किसान महंगे दामों में मार्केट से खाद लेने मजबूर है, लेकिन जिम्मेदार भाजपा नेताओ को जनता के सुध लेने की फुरसत लेने नहीं है।

# टैलेंट हंट में मॉडल किड्स राजधानी श्रेणी की विजेता बनी गांव की बेटी रेहांशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



■ ग्राम चिंगरी निवासी कुमारी रेहांशी साहू ने अपने गांव और दुर्ग जिला का नाम रोशन

ममता ब्यूटी अकादमी एवं स्टार स्टूडियो की भव्य प्रस्तुति छत्तीसगढ़ टेलेंट हंट एवं स्टार फेस ऑफ राजधानी का आयोजन सिटी सेंटर मॉल में किया गया।जिसके आयोजनकर्ता ममता पटेल एवं कमल सारथी थे। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के टैलेंटेड बच्चों ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया। मॉडल किड्स राजधानी श्रेणी की विजेता दुर्ग जिला के ग्राम चिंगरी निवासी कुमारी रेहांशी साहू रही। पूजा साहू और गोपी साहू की बेटी ग्राम चिंगरी निवासी रेहांशी साहू ने इस उपलब्धि से गांव और जिले का नाम रोशन किया। आयोजन में छत्तीसगढ़ के कला जगत से मोहन सुंदरानी , पद्मश्री उषा बारले , अभिनेता दीपक साहू , संगीत निर्देशक सुनील सोनी , निर्देशक लेखक भूपेंद्र चंदनिया लोकगायिका ज्योति कँवर , प्रोड्यूसर हितेन्द्र सुंदरानी , निखिल सुंदरानी , विजय सुंदरानी , रोमी सुंदरानी , राधाकिशन सुंदरानी, नायिका आस्था शर्मा , कलाकार प्रमिला रात्रे , मिस्टर त्यागी , माही साहू , समाज सेवक लक्ष्मी गर्ग , प्रडयूसर मुकेश बम्बोडे , प्यारे लाल यादव , हेमन्त सारथी , प्रशांत अग्रवाल , सीमा साहू , खुशबू अंसारी,शिव राउत , ऐश्वर्या साहू और करण यादव अन्य सभी के उपस्थित थे।


## बिजनेस साइट

### बंसल ब्रदर्स में 'इंडियन फैशन सेल' शुरू

**भिलाई।** शहर के फैशन प्रेमियों के लिए खुशखबरी है। सिविक सेंटर स्थित

BANSAL BROTHERS
SAREE | SUITS | FABRICS

प्रतिष्ठित फैशन स्टोर बंसल ब्रदर्स ने एक धमाकेदार 'इंडियन फैशन सेल' की शुरुआत की है, जिसमें साड़ियों, सूट्स, कुर्ती सेट्स और अन्य परिधानों पर भारी छूट दी जा रही है। यह सेल सीमित समय के लिए उपलब्ध है और ग्राहकों को पारंपरिक भारतीय पहनावे की खरीदारी का बेहतरीन मौका प्रदान कर रही है। सेल की प्रमुख विशेषताएँ: साड़ी, सूट और फैब्रिक पर अधिकतम 50% की छूट, बाइ वन 1 गेट वन फ्री ऑफर पार्टी ड्रेसेज़ पर, कुर्ती और टॉप्स पर बाइ टू गेट वन फ्री, कुर्ती सेट्स-साड़ियों की कीमत केवल 995 में कुर्तियाँ मात्र 350 में ट्रेंडी जींस 299 में उपलब्ध बेडशीट, दोहर , प्रिंट्स, ड्रेस मटेरियल, सूटिंग, शर्टिंग और कुरता-पायजामा पर भी 50% तक की छूट उपलब्ध है। स्टोर विवरण: पता: बंसल ब्रदर्स, 19, सिविक सेंटर, भिलाई पारंपरिक परिधानों में स्टाइल और बचत दोनों चाहते हैं, तो बंसल ब्रदर्स की यह सेल मिस न करें। भीड़ से पहले पहुंचे और अपने पसंदीदा परिधानों पर भारी छूट पाएं।


## महिला इकाई की बैठक में हुई चर्चा

# पालिका क्षेत्र में छत्तीसगढ़ मनवा समाज धूमधाम से मनाएगा हरेली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

छत्तीसगढ़ मनवा समाज महिला कुम्हारी नगर इकाई द्वारा वार्ड क्र. 3 स्थित डॉ. खूबचन्द बघेल वाचनालय में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हरेली उत्सव सहित अन्य कार्यक्रम को उत्साह पूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज कुम्हारी नगर महिला समाज अध्यक्षा योगिता वर्मा की उपस्थिति रही। इस वर्ष हरेली उत्सव का नगर पालिका क्षेत्र में विशेष आयोजन कराने बैठक में समस्त उपस्थित महिलाओं ने सहर्ष समर्थन किया। बैठक में सरिता बंछोर, सुनीता बंछोर, गंगा वर्मा, जमुना वर्मा, गोंदा वर्मा, भुवनेश्वरी बघेल, राधा वर्मा, निर्मला वर्मा, देवकी वर्मा, नन्दिनी वर्मा, वीणा वर्मा, पुष्पा वर्मा, रेखा वर्मा, अंजली वर्मा, कमला वर्मा, उर्वशी वर्मा आदि मौजूद थे।

### पत्नी से हुआ झगड़ा तो पति ने घर में लगा दी आग

**भिलाई।** पारिवारिक विवाद के चलते एक पति ने सूने मकान में आग लगा दी। मामला रामनगर क्षेत्र का है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने उसके पति जगराखन मेश्राम के खिलाफ अपराध दर्ज किया। उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि महिला ने थाने में आकर जानकारी दी कि जब वह घर में नहीं थी, तो आरोपी ने पेट्रोल पंप से पेट्रोल लाकर सूने मकान में आग लगा दी। इससे घर के सारे सामान, आलमारी के कपड़े, पलंग आदि जल गए। पुलिस ने आरोपी को जवाहर नगर कचरा भट्टी के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि पति-पत्नी में विवाद हो गया था। इसके बाद आरोपी ने सुपेला के पेट्रोल पंप से पेट्रोल लाकर घर में छिड़कर आग लगा दी। घर में रखे मोबाइल व गाड़ी को लेकर अपने गांव बहेराभाठा चला गया था। आरोपी जगराखन मेश्राम उम्र 34 वर्ष मूलतः साल्हेटेकरी बालाघाट मध्यप्रदेश का रहने वाला है।

## अंचल व सिटी की खबरें

### शिक्षा ही समाज को दिशा देने का माध्यम: विजय



**कुम्हारी।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय शाला (सेजस) कुम्हारी में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि- शिक्षा ही समाज को दिशा देने का माध्यम है। शाला प्रवेश उत्सव एक अभियान है, जिससे हम प्रत्येक बच्चे तक शिक्षा पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर बच्चों को पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया। नवप्रवेशी बच्चों के स्वागत हेतु रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रेरक भाषणों का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य आकर्षण: फैंसी ड्रेस, छत्तीसगढ़ी नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, की प्रस्तुति रही जिसे अतिथियों ने नगद पुरस्कार देकर सराहा। विद्यालय के प्राचार्य ने सांसद बघेल से विद्यालय प्रांगण में डोम शेड बनाने की मांग की जिसे उन्होंने स्वीकार कर शासन स्तर पर बनाने की घोषणा की। आयोजन की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि संजय बघेल वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी, मीना वर्मा नगर पालिका अध्यक्ष कुम्हारी, धर्मेंद्र सिन्हा अध्यक्ष भाजपा मंडल कुम्हारी, सुजीत यादव सांसद प्रतिनिधि और रीता पाण्डेय, ओमनारायण वर्मा पार्षद वार्ड क्र. 14 थे। अतिथियों में रामाधार शर्मा, लोकेश साहू, उमाकांत साहू, रामकुमार सोनी, अवधेश शुक्ला, मनोज वर्मा, अनुराग गुप्ता, ओंकार प्रसाद मारकंडे, आर. प्रवीण राव, फिंगेश्वर साहू, अमरजीत सिंह एवं सुनीता कुर्रे उपस्थित रहे। सभी कार्यक्रम विद्यालय की प्राचार्य लता रघु कुमार एवं समस्त शिक्षकों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ । इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावकों, छात्रों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं समाजसेवियों ने भाग लिया।

### सरपंच संघ ने की ग्रामीण विकास के मुद्दे पर चर्चा



**अंडा।** नगपुरा जैन मंदिर सभागार में सरपंच संघ जनपद पंचायत दुर्ग प्रथम सम्मेलन हुआ। जिसमें सरपंच संघ प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया और विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। हर ग्राम पंचायत के विषय में संपूर्ण रूप से चर्चा विकास संबंधी रही। मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। वहीं जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, श्रद्धा साहू जिला पंचायत सदस्य पूर्व जनपद सदस्य , भाना भाई ठाकुर जनपद सदस्य, संतोष निषाद, सरपंच संघ अध्यक्ष ओमेश्वर राजू यादव,समस्त सभी पदाधिकारी गण और मंडल के कार्यकर्ता भी मौजूद थे। पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश देशमुख, पूर्व जनपद अध्यक्ष चंद्रशेखर बंजारे, पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष नारायण लाल साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, चेतन साहू, संतोष साहू, यामिनी हरमुख, रेखा यादव, दिव्य साहू, रामकली साहू, विनोद साहू, नगपुरा उप सरपंच नरेंद्र निषाद ,संदीप चंद्राकर, जसवंत देशमुख, दुष्यंत निषाद, जितेंद्र गुप्ता, तुषार साहू और रवि शंकर साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शाला प्रबंधन समिति का गठन, चमेश्वरी अध्यक्ष बनीं





**भिलाई।** शासकीय प्राथमिक शाला अकलोरडीह में माता समिति एवं पीएलसी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से श्रीमती चमेश्वरी निषाद को अध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक डीआर सहारे, शिक्षक पुष्पलता वर्मा, ऋचा देवी, पुष्पा बोरकर और शिमला मरकाम सहित पालक उपस्थित थे।

### संविधान की प्रस्तावना से धर्मनिरपेक्ष और समाजवाद शब्द हटाने की मांग गलत: मेश्राम



**भिलाई।** एससी एसटी ओबीसी संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव, दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष व अजाक्स के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष अनिल मेश्राम ने कुछ राजनीतिक दलों व संगठनों के लोगों द्वारा डॉ. बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर द्वारा रचित भारतीय संविधान की प्रस्तावना से धर्मनिरपेक्ष व समाजवाद शब्द हटाने की तर्कहीन व अनुचित मांग की जा रही है। इस पर मेश्राम ने कहा कि भारतीय संविधान मे सभी धर्मो का भेदभाव रहित निष्पक्ष सम्मान किये जाने के कारण धर्मनिरपेक्ष शब्द का और सभी समाजो के सामूहिक समन्वय स्थापित किये जाने के दृष्टिकोण से समाजवाद शब्द का उपयोग संविधान मे किया गया है। संविधान के कारण भारत ने 75 वर्षों में प्रगति और उन्नति की है। भारत जो पूरी दुनिया मे अनेकता मे एकता की मिसाल कायम करता है। वह सिर्फ संविधान से ही संभव हो सका है। संविधान के कारण ही भारत में निवासरत विभिन्न धर्मावलंबियों में आपसी भाईचारा परस्पर प्रेम और विभिन्न समुदायों में सामाजिक समानता व सामूहिक समन्वय स्थापित हो सका है। इस प्रकार की मांग करने वाले लोगों की संकुचित सोच स्थिर और सुदृढ भारत को अस्थिर और कमजोर बना सकती है।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दवा खरीदी और अहाता निर्माण की उठी मांग, जीवन दीप समिति की बैठक



**अंडा।** ग्राम सिरसिदा (गुंडरदेही) के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जीवनदीप समिति की बैठक में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर थे। अध्यक्षता ग्राम पंचायत सिरसीदा की सरपंच सरस्वती इंद्रजीत चंद्राकर ने की। विशेष अतिथि सेवानिवृत स्वास्थ्य कर्मचारी जी आर शर्मा, प्रभारी चिकित्सक प्रतिभा पराते और स्वास्थ्य विभाग के समस्त कर्मचारी थे। इस दौरान श्रीमती पराते ने नवीन सात बिस्तर कक्षा के आहाता निर्माण, दवा खरीदी एवं अन्य आवश्यक मांग से अध्यक्ष को अवगत कराया। अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर ने सभी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर उचित कार्रवाई किए जाने की अनुशंसा की। प्रभारी चिकित्सक ने सरपंच सरस्वती चंद्राकर से अनुरोध किया कि अस्पताल परिसर के अंतर्गत सामाजिक तत्वों का जमावड़ा प्रतिबंधित किया जाए। इस पर सरपंच ने उचित कार्रवाई की बात कही।

# मेयर व इंजीनियरों में ठनी, अभियंताओं ने कहा-उनके वार्ड में नहीं करेंगे काम

## तीन इंजीनियरों को बदले जाने के बाद सभी में नाराजगी, स्वच्छता प्रभारी के खिलाफ भी जताया आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रिसाली निगम महापौर शशि सिन्हा और स्वच्छता प्रभारी संजू नेताम के वार्डों में इंजीनियरों के बदले जाने को लेकर बवाल हो गया है। पूरे 40 वार्डों में से केवल दो ही वार्डों में इस तरह के हालात होने से न केवल इंजीनियर बल्कि निगम प्रशासन की भी मुश्किलें बढ़ गई है। दोनों की वार्ड में तीन इंजीनियर बदले गए हैं। वह भी महापौर शशि सिन्हा और स्वच्छता प्रभारी संजू नेताम के वार्ड में। इससे नाराज इंजीनियरों ने निगम आयुक्त मोनिका वर्मा को यह लिखित शिकायत में कहा है कि हम महापौर व स्वच्छता प्रभारी के वार्ड में काम नहीं करेंगे।

### पहले इंजीनियरों को हटाने मेयर ने ही लिखा आयुक्त को पत्र

रिसाली निगम की महापौर शशि सिन्हा का वार्ड क्रमांक 9 है। इसी तरह स्वच्छता प्रभारी संजू नेताम का वार्ड 7 है। सबसे पहले इंजीनयर गोपाल सिन्हा को यहां काम पर आयुक्त मोनिका वर्मा ने लगाया। उसके बाद डिगेश्वरी चंद्राकर इंजीनियर की ड्यूटी लगाई गई। डिगेश्वरी के मेटरनिटी लीव पर चले जाने के बाद रेवतीरमन को इंजीनियरिंग का दायित्व मिला। डिगेश्वरी के आने के बाद फिर से उन्हे वार्ड की जिम्मेदारी दी गई। इन तीनों इंजीनियरों को हटाने महापौर शशि सिन्हो ने निगम आयुक्त को पत्र लिखा।




### आरोप बेबुनियाद

“ वार्ड में किसी भी इंजीनियर की ड्यूटी लगाने के पहले वार्ड पार्षद के संज्ञान में जरूर लाना चाहिए। जिन इंजीनियरों को बदलने आयुक्त को कहा गया है वे लंबी छुट्टी पर थी। बिल ज्यादा बनाने का दबाव हमने कभी नहीं बनाया। ये आरोप बेबुनियाद और तर्कहीन है।

**संजू नेताम,** स्वच्छता प्रभारी नगर निगम रिसाली

### बदल दिए हैं

“ कामकाज की वजह से इंजीनियरों को बदलने हमने आयुक्त मैडम को लिखित में कहा था। संबंधित इंजीनियर को मैडम ने बदल दिया है। विवाद की कोई बात नहीं है।

**शशि सिन्हा,** महापौर नगर निगम रिसाली

### काम नहीं करने दिया पत्र

“ सभी इंजीनियरों ने महापौर व स्वच्छता प्रभारी के वार्ड में काम नहीं करने के लिए पत्र दिया है। मैनें वजह पूछी तो कहा कि कई वजह है। फिलहाल नए सिरे से कार्य विभाजन करूंगी।

**मोनिका वर्मा,** आयुक्त नगर निगम रिसाली

### अभियंताओं का अपमान

“ केवल दो ही वार्ड में ऐसा क्यों हो रहा है कि इंजीनियरों को बदलने के लिए आयुक्त को लिखित शिकायत की जा रही है। लगातार ऐसा होने से इंजीनियर अपमान महसूस करने लगे। इसलिए आयुक्त को पत्र देना पड़ा।

**गोपाल सिन्हा,** बीएमएस यूनियन पदाधिकारी

### एमआईसी में गहमागहमी

हाल ही में एमआईसी की बैठक हुई। बैठक में इंजीनयर डिगेश्वरी चंद्राकर को नहीं हटाने पर महापौर और स्वच्छता प्रभारी ने निगम आयुक्त मोनिका वर्मा से जवाब-तलब किया। इस बीच काफी गहमा-गहमी का माहौल निर्मित हो गया। आयुक्त का कहना था कि आप इंजीनियरों को हटाने लिखित पत्र दिया है उसमें कारण का उल्लेख नहीं है। बिना कारण के कैसे हटा दें।

## खबर संक्षेप



### उठाईगीरी करने वाले 3 पकड़ाए, 16 मोबाइल जब्त

**भिलाई।** भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के दौरान भीड़ का फायदा उठाकर मोबाइल की उठाईगीरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 16 नग मोबाइल जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि 3 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली कि एक महिला सिविक सेंटर भिलाई में अपने पास मोबाइल रखकर बिक्री करने हेतु ग्राहक की तलाश कर रही है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम सिविक सेंटर पहुंची। घेराबंदी कर महिला को पकड़ा। महिला ने अपना नाम इमला निवासी कैम्प 01 छावनी निवासी बताया। उसने बताया कि 27 जून को जगन्नाथ रथ यात्रा में भीड़ का फायदा उठाकर अपने साथियों बिल्लु नौशाद, सुनील उर्फ रोहित व अन्य के साथ मिलकर मोबाइल चोरी की। जब्त मोबाइल की कीमत 4,55,000 आंकी गई है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। बहरहाल जिन लोगों ने मोबाइल चोरी की शिकायत की, उनके बारे में पतासाजी की जा रही है। कानूनी प्रक्रिया के बाद उन्हें मोबाइल लौटाया जाएगा।

### भिलाई में सहवासी संघ का गठन

**भिलाई।** भिलाई सूर्या विहार खम्हरिया 493 यूनिट में सहवासी संघ का गठन किया गया है। भिलाई शहर के नागरिकों को नगर निगम भिलाई जो सुविधाएं प्रदान करती है। उसमें रहवासी संघ अपनी सहभागिता निभाएगी। रहवासी संघ के गठन का उददेश्य है कि परिसर क्षेत्र में विद्युत, जल, सिवरेज की निकासी, साफ-सफाई, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था करना। नगर निगम द्वारा जल प्रदाय, जलकर का निर्धारण, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, भूमिगत बिछाये गये सिवरेज लाईन एवं प्रकाश व्यवस्था बनाकर देगा। उसके पश्चात गठित संघ रहवासियों एवं सोसायटी के सदस्यों को निगम के बनाये नियम तथा कार्य प्रणाली के अनुरूप कार्य करायेगा। साथ सोसायटी के जलकर को एकत्रित कर निगम कोष में जमा कराना सुनिश्चित करेगा।

### सैकड़ों पदोन्नति से वंचित, मात्र 3 प्रतिशत मिलता है इंक्रीमेंट

# बीएसपी में सैकड़ों कर्मचारी प्रमोशन पॉलिसी की विसंगति का खामियाजा भुगतने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल की सबसे बड़ी यूनिट भिलाई इस्पात संयंत्र में कर्मचारियों को प्रमोशन पालिसी में विसंगतियों का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। पालिसी में अब तक सुधार नहीं होने से अनेक कर्मचारी पदोन्नति के लाभ से वंचित हो रहे हैं। सैकड़ों कर्मी प्रमोशन के बिना वंचित हो गए। यूनियनों ने प्रबंधन से पालिसी मे विसंगतियों को जल्द दूर किए जाने की मांग की है। इससे सभी कर्मियों को पदोन्नति का फायदा मिल सकेगा।

सभी एनजेसीएस यूनियनों के साथ लोकल यूनियनों द्वारा पिछले कई साल से बीएसपी में प्रमोशन पालिसी में सुधार की मांग की जा रही है लेकिन अब तक कार्रवाई शिफर है। इसकी कीमत सैकड़ों बीएसपी कर्मियों को चुकानी पड़ रही है। यूनियनों के मुताबिक बीएसपी के सी क्लस्टर में सभी कर्मियों को प्रमोशन नहीं मिल पा रहा है। वजह अब तक न तो पद बढ़ाए गए हैं और न ही स्केल में ही वृद्धि की गई है। लगातार मांग के बाद भी लोकल प्रबंधन उदासीन है। उल्लेखनीय है कि बीएसपी में पदोन्नति के लिए सेक्शन (अनुभाग) स्तर पर पद निर्धारित हैं। हर विभाग में वरीयत के अनुसार प्रमोशन दिए जाने का नियम है। लेकिन पद रिक्त नहीं होने से ऊपर के ग्रेड में प्रमोशन के लिए कड़ी स्पर्धा होने से कई कर्मी पदो से वंचित हैं। यूनियनों की मांग के अनुरुप अब तक पद नहीं बढ़ाए गए हैं। प्रमोशन नहीं मिलने पर हर 4 साल में कर्मियों को अपग्रेडेशन होता है। यानी ग्रेड के स्केल के मुताबिक एक इंक्रीमेंट मिलता है। लेकिन इंक्रीमेंट में भी उन्हें नुकसान हो रहा है। यूनियनों के मुताबिक इंक्रीमेंट के अंतिम छोर का मात्र 3 प्रतिशत ही मिलता है। पूरे बेसिक का लाभ कर्मियों को नहीं मिलता। यानी उन्हें प्रमोशन व कम इंक्रीमेंट दोहरा नुकसान हो रहा है।

## यूनियनों ने कहा- सभी के लाभ के लिए डी क्लस्टर में बढ़ाएं पद



### ऊपरी ग्रेड में नुकसान

बीएसपी मे एस 1 से एस- 11 ग्रेड पर कर्मी कार्यरत हैं। लेकिन क्लस्ट प्रमोशन कैटगरी में भी विसंगति को दूर नहीं किया गया है। जो कर्मचारी एस -11 ग्रेड में आ गए हैं, उन्हें रिटायर होते तक प्रमोशन का लाभ नहीं मिलता है। इसकी वजह एस- 11 के ऊपर कोई ग्रेड नहीं है। एचएमएस के अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा बताते हैं कि ऐसे सैकड़ों कर्मी हैं, जो एस-11 ग्रेड में 5 से 15 साल तक काम कर रहे हैं जो बिना प्रमोशन के सेवानिवृत्त हो जाएंगे। यूनियनें स्टेग्नेशन आफ प्रमोशन के विसंगति को दूर किए जाने की मांग कर रही हैं। ऊपर के ग्रेड में व्हेकेंसी बढ़ाने की जरुरत है।

### डी क्लस्टर में बढ़ाएं पद

कर्मियों की लंबे समय की मांग पर 2021 में इंटक द्वारा बीएसपी प्रबंधन से लोकल एग्रीमेंट किया था। इसके तहत केंद्र सरकार की गाइड लाइन अनुसार रोस्टर सिस्टम के तहत एससीएसटी प्रत्याशी नहीं होने पर किसी को भी प्रमोशन नहीं मिलने पर डी रिजर्वेशन कराना पड़ता था। फिर एक्सपांशन यूनिटों में भी प्रमोशन पालिसी नहीं होने से कर्मी प्रमोशन से वंचित थे। एग्रीमेंट में पद की स्वीकृति की बाध्यता को हटाकर एस-8 तक सीधे प्रमोशन देने की सहमति बनी थी। इंटक महासचिव वीबी सिंह बताते हैं कि शीर्ष पद डी क्लस्टर को जूनियन इंजीनियर पदनाम देकर डी क्लस्टर तक जाने कुल मेन पावर का 18 प्रतिशत पद सुनिश्चित किए गए। लेकिन बावजूद इसके एस 9,10 व 11 ग्रेड में पद कम होने से कई कर्मी प्रमोशन से वंचित हैं। यूनियनें विसंगति दूर कर पद बढ़ाने की मांग कर रही हैं।

### विसंगति से सैकड़ों प्रभावित

“ बीएसपी में पदोन्नति नीति में विसंगति होने से ऊपर के ग्रेड में सैकड़ों कर्मियों को प्रमोशन से वंचित होना पड़ रहा है। अपग्रेडेशन में भी पूरे बेसिक के अंतिम छोर का मात्र 3 प्रतिशत इंक्रीमेंट ही दिया जा रहा है। प्रबंधन से पालिसी में विसंगति दूर किए जाने की मांग की जा रही है।

**पीके मिश्रा,** महासचिव एचएमएस

### डी क्लस्टर में कम हैं पद

“ यूनियन द्वारा एक्रीमेंट कर रोस्टर सिस्टम में विसंगतियों को दूर करने का प्रयास किया गया। एबीसी क्लस्टर तक प्रमोशन व्यवस्था को दुरुस्त कर लिया गया है। डी क्लस्टर में विसंगति है। प्रबंधन से चर्चा पद बढ़ाने की मांग की जा रही है, ताकि सभी कर्मियों को प्रमोशन का लाभ मिल सके।

**वीबी सिंह,** महासचिव स्टील इम्पलाइज यूनियन इंटक

# तीजन से मिले राजस्व मंत्री वर्मा, तंबूरा थाम पूछी तबीयत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा पाटन के दौरे में अनेक कार्यक्रम में शामिल हुये।

इस दौरान उन्होंने पद्मविभूषण तीजन बाई से मिल कर उनका कुशलक्षेम पूछा। मंत्री वर्मा ने गनियारी मोरिद गांव जाकर पद्मविभूषण तीजन बाई से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य का हाच चाल जाना। तीजनबाई कई दिनों से बीमार चल रही है। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने पंडवानी गुरू तीजन बाई का तम्बूरा हाथ में लेकर बजाया भी। मंत्री वर्मा ने ग्राम पंचायत मटंग के पूर्व सरपंच भागवत प्रसाद वर्मा की धर्मपत्नी के निधन पर ग्राम मटंग पहुँच कर शोक श्रद्धांजलि भी अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा मटंग सरपंच अमित हिरवानी, भागवत प्रसाद वर्मा, पोसुराम निर्मलकर, मनोज साहू, बीरेन्द्र वर्मा, दिलिप साहु ,ज्योति प्रकाश साहु और नंदकुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में गाँव के लोग उपस्थित थे।

- पूर्व सरपंच के पारिवारिक शोक कार्यक्रम में भी हुए शामिल

# फार्म हाउस में काम करने वाले श्रमिक की हत्या, आरोपी की तलाश में पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

फार्म हाउस में काम करने वाले श्रमिक की हत्या कर उसे अधमरा छोड़कर फरार होने का मामला सामने आया है। राहगीरों ने घटना की सूचना डयल112 को मिलने पर उतई पुलिस भी मौके पर पहुंची। गंभीर रुप से घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसने दम तोड दिया। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि डुंडेरा मोरिद सड़क पर राज कुमार यादव नामक युवक अधमरा पड़ा हुआ था। उसे सीने में गंभीर चोट के निशान मिले है। चोट को देखने पर किसी धारदार हथियार से वार कर आरोपी मौके से फरार हो गए। मृतक राजकुमार जंजगिरी कुम्हारी में फार्म हाउस में श्रमिक के रुप में कार्यरत था। उतई पुलिस हत्या का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। संदेह यह भी जताया जा रहा है लोकल अपराधी किस्म के युवक लूट के नियत से घटना को अंजाम दिया होगा। फिलहाल पुलिस के जांच के बाद ही असली कारण स्पष्ट हो पाएगा। अज्ञात आरोपी मृतक के वाहन को रोककर मारपीट किया विरोध करने पर राजकुमार की हत्या कर फरार हो गए। पुलिस आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाल रही है।

- घटना उतई थाना क्षेत्र की है
- पुलिस जांच में जुटी

# नाबालिग से शादी का झांसा देकर किया अनाचार, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि वर्ष 2021 में ही अपहता बालिका को पुलिस ने दिल्ली बरामद किया था। अपहता से पूछताछ करने पर बताई कि आरोपी भवानीपुर वार्ड नं. 4 माथा हरपुर जिला-सीतामढी (बिहार) व हाल ही में ब्लॉक एफ-622 बवाना जेजे कालोनी थाना नरेला औद्योगिक क्षेत्र दिल्ली निवासी मो. साहिल ने नाबालिग को शादी का झांसा दिया था। उसे बहला फुसलाकर दिल्ली ले जाकर अनाचार करता रहा। आरोपी मो. साहिल की तलाश में पुलिस जुटी रही। आरोपी मो. साहिल को जामुल में घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। आरोपी से पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। कार्रवाई में जामुल टीआई राजेश मिश्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

# टाउनशिप में व्यर्थ नहीं बहेगा बारिश का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग द्वारा जल संकट की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) की दिशा में एक वैज्ञानिक व योजनाबद्ध पहल जा रही है। यह पर्यावरणीय संरक्षण को नया आयाम देने का प्रयास है। इसके तहत सेक्टर-6 स्थित टेनिस कॉम्प्लेक्स में एक नवीन रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का उद्घाटन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पवन कुमार थे। सीजीएम संदीप माथुर व सीजीएम उत्पल दत्ता विशिष्ट अतिथि थे। इस प्रणाली की स्थापना जीएम विष्णु पाठक, सहायक महाप्रबंधक सरोज झा, निखिलेश मिश्रा, कमरुदीन व उप प्रबंधक संजीव सारस्वत, और उनकी टीम के परिश्रम का परिणाम है। इस अवसर पर पौधरोपण भी किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि ऐसे प्रयासों के माध्यम से ही हम आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा एवं संचय कर सकते हैं।इस अवसर पर जीएम शिखा दुबे, केके यादव, एबी निवास, आरके साहू तथा प्रशांत तिवारी तथा उप महाप्रबंधक डीसी सिंह, आर गर्ग, राजेन्द्र प्रसाद, एमके साहू, उप प्रबंधक श्री डेनिस क्रिस्टी उपस्थित थे।

- सेक्टर 6 के टेनिस काम्पलेक्स में नया रेन वाटर हार्वेस्टिंग उद्घाटित



### परिसर में किया पौधारोपण

टीएसडी ने किया डिजाइनभिलाई की औसत वार्षिक वर्षा (1188 मिमी), छतों के बहाव गुणांक (0.85), और अधिकतम वर्षा समयावधि (20 मिनट में 25 मिमी) जैसे तकनीकी तथ्यों के आधार पर टीएसडी द्वारा इस प्रणाली का डिजाइन किया गया है। सभी स्थलों पर फिल्ट्रेशन चैंबर, तलछट टैंक और परकोलेशन पिट्स की संरचना तैयार की गई है, जिनके माध्यम से एकत्र जल या तो पुनः उपयोग के लिए संग्रहित किया जाता है या भूजल पुनर्भरण के लिए जमीन में प्रवाहित किया जाता है। इस परियोजना के तहत इएमएमएस सेक्टर-6 में प्रतिवर्ष लगभग 5600 क्यूबिक मीटर, सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-10 में 3807 क्यूबिक मीटर, लॉन टेनिस कोर्ट में 2605 क्यूबिक मीटर और जोनल कार्यालय सेक्टर-4 में 1570 क्यूबिक मीटर वर्षा जल का संचयन किया जा रहा है। जल संरक्षण के इस पहल ने न केवल जलापूर्ति प्रणाली पर बोझ को कम किया है।

## आयुक्त राजीव पांडेय ने स्थल का किया निरीक्षण, अधिकारियों से ली जानकारी

# ट्रैफिक पार्क फिर पढ़ाएगा यातायात नियमों का पाठ, 1.49 करोड़ का बना प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सिविक सेंटर स्थित ट्रैफिक पार्क एक बार फिर नए कलेवर में नजर आएगा। नगर निगम भिलाई नए सिरे से उसका सौंदर्यीकरण करेगा। इसके लिए 1.49 करोड़ की कार्ययोजना तैयार की गई है। शुक्रवार को भिलाई निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने स्थल का निरीक्षण किया।

मौके पर जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता मौजूद थे। बता दें कि ट्रैफिक पार्क पूरी तरह से खंडहर हो चुका है। असामाजिक तत्वों का केन्द्र बना हुआ है। इसे लेकर लगातार शिकायत की जा रही थी। इसके बाद निगम ने इसका सौंदर्यीकरण कराए जाने का निर्णय लिया। फिलहाल ट्रैफिक रूल, सिग्नल रोड, ब्रेकर, जेबरा क्रॉसिंग, बस स्टॉप से



जानकारियां ट्रैफिक पार्क में उपलब्ध हैं। ताकि सैर सपाटे के लिए आने वाले लोग यातायात नियमों को बेहतर तरीके से समझ सकें। रखरखाव के अभाव में यह पूरी तरह कंडम हो चुका है। अब नए सिरे से सुधार की कवायद शुरू की गई है।

अधिकारियों ने बताया कि ट्रैफिक पार्क के बाहरी दीवारों पर न्यूरल आर्ट से ट्रैफिक के संबंध में नागरिकों को जागरूक करने संदेश दिया गया है। इसमें हरियाली का खासकर ध्यान रखा गया है। एक छोटा सा ओवरब्रिज का निर्माण किया गया है, जिसमें बच्चे आसानी से चढ़ सकते है। यह सभी युवा वर्ग के आकर्षण का केन्द्र होने के साथ भिलाई वासियों के लिए बहुत बड़ी सौगात रहेगा। कलरफुल फाउंटेन जो प्रवेश द्वार के पास बना हुआ है, जो बहुत ही सुंदर एवं रंगीन है। आयुक्त ने अधिकारियों को जल्द ही कार्य पूर्ण कराने निर्देशित किए। जिससे पार्क का उदघाटन समय रहते पूरा किया जा सके।

### हुडको में मंगल भवन बनेगा

आयुक्त पाण्डेय ने हुड़को निर्माणाधीन मंगल भवन का अवलोकन किया। मंगल भवन का निर्माण 2.99 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। भवन में 29 रूम, बड़ा हाल, किचन, शौचालय, बिजली, पानी के साथ दुल्हा-दुल्हन के लिए सेप्रेट रूम और पार्किग की सुविधा दी गई है, जिसमें 2 शादी एक साथ की जा सकती है। इसका संचालन नगर निगम भिलाई द्वारा किया जाएगा, भवन निर्माण कार्य पूर्णतः पर है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, सहायक अभियंता दीपक देवांगन आदि उपस्थित रहे।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

7 दिन

स्लीपर मात्र 12,500/-

गोवा-बाम्बे

महालक्ष्मी टेम्पल, हाजीअली, सिद्धिविनायक, गेटवे ऑफ इंडिया, होटल ताज, जुहू चौपाटी, नॉर्थ साउथ गोवा - कोलवा बीच, सेंत जोवेलियर्स चर्च, अंजुमन बीच, डोलपन बीच, कलांगुटे बीच

19 जुलाई, 14 अगस्त, 6 सितंबर, 6 अक्टूबर, 10 नवंबर, 20 दिसंबर

राशि:-स्लीपर 12,500/-, 3 एसी- 22,500/-, (+5%GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 5 जुलाई 2025
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

04



कुछ मेकअप ट्रेंड कभी आउट ऑफ फैशन नहीं होते, हर मौके पर लगते हैं परफेक्ट

लाइव इवेंट

## न्यायालय का मतलब सिर्फ फैसला नहीं, समय रहते समाधान है



**दुर्ग।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उच्चतम न्यायालय की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति के संयुक्त निर्देशन और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मुख्य संरक्षक चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के मार्गदर्शन में दुर्ग में कानूनी सलाह को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला एवं सत्र न्यायाधीश, परिवार न्यायालय में पदस्थ समस्त न्यायाधीश, प्रथम अपर जिला न्यायाधीश, जिला न्यायालय में पदस्थ सभी प्रशिक्षित न्यायाधीश, प्रशिक्षित अधिवक्ता, जिला अधिवक्ता संघ के कार्यकारिणी सदस्य शामिल हुए। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने उक्त अभियान की महत्ता पर विशेष बल देते हुए कहा है कि न्याय का मतलब सिर्फ फैसला देना नहीं, बल्कि समय रहते समाधान देना भी है। उपरोक्त संदेश से प्रेरित होकर इस बैठक में लंबित प्रकरणों से निपटने के लिये परिकल्पित 90 दिवसीय मध्यस्थता अभियान के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जाकर चर्चा की गई। बैठक में समस्त प्रतिभागियों को मध्यस्थता के लिए न्यायालयों से रिफरल उपरांत प्राप्त होने वाले पात्र प्रकरणों जिनमें राजीनामा की संभावना हो। मध्यस्थता के माध्यम से निराकृत किये जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी तय किया गया कि मध्यस्थता से संबंधित नुक्कड़ नाटक तैयार किया जाकर प्रचार-प्रसार किया जाए। जानकारी दी गई कि ऑनलाइन माध्यम से भी मध्यस्थता की जा सकती है, इसलिए बैठक में आनलाइन मध्यस्थता को भी बढ़ाया दिए जाने के निर्देश दिए गए।

■ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर कानून सलाह के लिए हुई बैठक

सिटी इवेंट

## समाज के प्रतिभावान व्यक्तियों और विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**भिलाई।** सेक्टर-07 स्थित कुर्मी भवन में चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा आयोजित रघुबर सिंह चंद्राकर जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने भी शिरकत की। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों और सम्माननीय सामाजिकजनों को प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। चंद्राकर ने कहा कि समाज के उत्थान और विकास में शिक्षा और सामाजिक समरसता का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि प्रतिभावान विद्यार्थियों और सामाजिकजनों का सम्मान करना समाज के लिए प्रेरणादायक है। रघुबर सिंह चंद्राकर की जयंती पर उनके जीवन और कार्यों को भी याद किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने एकजुट होकर समाज के विकास और उत्थान के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम में महिला अध्यक्ष लता चंद्राकर, युवा अध्यक्ष कमल चंद्राकर, दुलारी चंद्राकर, शिव चंद्राकर, कुंदन चंद्राकर, दीनानाथ चंद्राकर, खिलावन चंद्राकर, गजेंद्र चंद्राकर, होरीलाल चंद्राकर सहित अन्य मौजूद थे।

सिटी इवेंट

## शासन में प्रतिनिधित्व दिलाने सीएम से मिला यादव समाज का प्रतिनिधि मंडल



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ कोसरिया अहीर यादव समाज का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिला। समाज के प्रतिनिधि मंडल ने शासन में यादवों को प्रतिनिधित्व दिए जाने की मांग की। प्रतिनिधियों ने कहा कि राजनीति में आज तक राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टी में महत्त्व नहीं दिया गया है। ठेठवार यादव समाज से स्वर्गीय रामानुज यादव कांग्रेस से प्रदेश अध्यक्ष रहे। बिसरा राम यादव राष्ट्रीय स्वयंसेवक के प्रदेश अध्यक्ष रहे। उनके बेटे गजेंद्र यादव स्काउड-गाइड के प्रदेश आयुक्त रहे। वर्तमान में विधायक हैं। स्वर्गीय हेमचंद यादव दो बार छत्तीसगढ़ शासन में कैबिनेट मंत्री रहें। मधुसूदन यादव राजनांदगांव के सांसद और वर्तमान महापौर हैं। बालोद से स्वर्गीय लोकेंद्र यादव विधायक रहे। महासमुंद खल्लारी विधानसभा से द्वारिकाधीश यादव दूसरी बार विधायक हैं। वर्तमान में यादवों को शासन में वह स्थान नहीं मिल पाया है, जिसके वह हकदार हैं। प्रतिनिधि मंडल ने गजेन्द्र यादव को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने की मांग रखी। वहीं योजना मंडल में भी ठेठवार यादवों को स्थान देने की गुजारिश की। कोसरिया अहीर यादव युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश यादव को योजना आयोग में सदस्य बनाए जाने की मांग की गई। मुख्यमंत्री साय ने यादवों की इस मांग को लेकर सार्थक चर्चा कर निर्णय का आश्वासन दिया गया।

● छग स्टेट सीनियर एवं महिला फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप-2025 का आयोजन

# 241 खिलाड़ी शतरंज में दिखा रहे दमखम, 96 अंतराष्ट्रीय प्रतिभागी ले रहे भाग, जीतने वालों को मिलेगा नेशनल खेलने का मौका

छत्तीसगढ़ स्टेट सीनियर एवं महिला फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप 2025 का चार दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा आयोजित किया गया है। 3 से 6 जुलाई तक आयोजित प्रतियोगिता में स्विस लीग पद्धति से 9 चक्रों में खेले जाने वाली अंतराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर की इस महत्वपूर्ण चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के बस्तर, सरगुजा संभाग सहित लगभग 20 जिलों के 241 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। जिसमें 96 खिलाड़ी अंतराष्ट्रीय वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं। राज्य शतरंज चैंपियनशिप के दूसरे दिन यशद, स्पर्श, श्रेणीक, शेख ईदु, प्रियांश, प्रभमन, आलोक,अक्षत,यशस्व, शुभम 3 अंको के साथ शीर्ष पर और महिला वर्ग में हिमानी,प्रतिष्ठा,राशि,एवं चारवी बढ़त बनाए रखी। तीसरे राउंड के बाद वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों का दबदबा कायम रहा।

**भिलाई।** प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव एवं जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव विकास शर्मा एवं सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी के मार्गदर्शन में जैन भवन सेक्टर 6 में आयोजित इस महत्वपूर्ण स्पर्धा को फिडे द्वारा अंतराष्ट्रीय मान्यता प्रदान की गई है। रेटिंग स्पर्धा होने से इस प्रतियोगिता का महत्व और भी बढ़ गया है। इस आयोजन से छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को अपने रेटिंग बढ़ाने के साथ साथ नए खिलाड़ियों को अपनी रेटिंग खोलने का भी अवसर प्राप्त होगा। पारदर्शिता एवं फिडे नियमों के अनुसार संचालित प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक अंतरराष्ट्रीय निर्णायक अनीश अंसारी के नेतृत्व में की जा रही है। यह आयोजन खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का एक सशक्त मंच प्रदान करेगा।



### उद्घाटन के दौरान अतिथियों ने किया प्रोत्साहित

जैन भवन सेक्टर-6 में आयोजित प्रतियोगिता के उद्घाटन में जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, भिलाई जैन समाज अध्यक्ष मुकेश जैन और समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा उपस्थित थे। प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव एवं जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के कई खिलाड़ी भाग ले रहे है। इस दौरान विजय अग्रवाल ने शतरंज के वैश्विक महत्व, मानसिक विकास में इसकी भूमिका और भारत के शीर्ष 10 विश्व स्तरीय खिलाड़ियों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए युवाओं को नशे व सोशल मीडिया की लत से दूर रहकर शतरंज जैसे बौद्धिक खेल में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

### जीवन का दर्पण शतरंज-कैलाश जैन



आयोजन के उद्घाटन सत्र के दौरान विशेष अतिथि समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा ने शतरंज को जीवन का दर्पण बताया तथा इसे आत्मनिरीक्षण और निर्णय क्षमता का आधार बताया। श्री बरमेचा ने कहा कि जीवन में हर व्यक्ति महत्वपूर्ण होता है और शतरंज इस विचार को व्यवहारिक रूप से दर्शाता है। प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव एवं जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव विकाश शर्मा, सुबोध कुमार सिंह, इंटरनेशनल आर्बिटर अनीस अंसारी, अलंकार भिवगड़े उपस्थित थे।





# अग्रवाल यूथ के सहयोग सरकारी स्कूल में स्मार्ट क्लास तैयार, बच्चों को बांटे गए जूते

**भिलाई।** अग्रवाल यूथ क्लब की पहल से शासकीय स्कूल जेवरा-सिरसा में स्मार्ट क्लास तैयार किया गया है। जहां अत्याधुनिक संसाधनों की मदद से स्कूली बच्चों की पढ़ाई के इंतजाम किए गए हैं। इसके साथ ही अग्रवाल समाज के सहयोग से स्कूल के जरुरतमंद बच्चों को जूतों का वितरण किया गया। आयोजित कार्यक्रम में विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, समाज के संरक्षक और महाराजा अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, कैलाश रुंगटा प्रमुख रूप से शामिल हुए। उन्होंने बताया कि समाज की युवा इकाई अग्रवाल युथ क्लब ने सेवा कार्य के अंतर्गत ग्रामीण शिक्षा में नई चेतना का संचार किया। विद्यालय में बच्चों के लिए स्मार्ट क्लास की स्थापना की। उन्हें न केवल सुविधा मिली, बल्कि आत्मसम्मान की अनुभूति भी हुई। कोर्सेवाड़ा ने कहा कि जब समाज के युवा आगे बढ़ते हैं, तो परिवर्तन स्वतः सुनिश्चित हो जाता है। सरपंच धनेश नागवंशी एवं प्रिंसिपल रीमा चंदेल ने कहा कि अग्रवाल समाज ने प्रेरणा दायक कार्य किया है। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष आकाश गोयल ने किया। कार्यक्रम में महासचिव प्रतीक कीर्तुका की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर मुकेश सिंघानिया, सिद्धार्थ अग्रवाल, उज्जवल पोद्दार, नितिन अग्रवाल, अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, ललित सेक्सरिया, सरिता गोयल, बिमल सेक्सरिया, पंकज कीर्तुका, प्रकाश खेतान, मनोज अग्रवाल, मुरारी अग्रवाल, राधेश्याम कृतिका, प्रहलाद रुंगटा, रामनिवास मित्तल सहित अन्य मौजूद थे।



## छग में पहली बार सर्वधर्म पौधारोपण समारोह 13 को

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ में पहली बार मीरा के श्याम पर्यावरण, महिला एवं बाल विकास संस्था द्वारा सर्व धर्म वृक्षारोपण समारोह 2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह अनोखा कार्यक्रम 13 जुलाई को सुबह 7 बजे से 10 बजे तक बासीन, करंजा भिलाई में होगा। इस आयोजन का उद्देश्य सभी धर्मों और जातीयों को एक मंच पर लाकर वृक्षारोपण जैसे पुण्य कार्य को धर्म से जोड़ना है, ताकि पर्यावरण संरक्षण को हर व्यक्ति अपने जीवन का अहम हिस्सा बनाए। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ में अपनी तरह का पहला आयोजन होगा जिसमें विश्व रिकॉर्ड वृक्षारोपण का भी लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे होंगी। उनके अलावा छावनी टीआई मोनिका पांडे विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। संस्था की अध्यक्ष ने बताया कि उनकी उपस्थिति से इस आयोजन को और भी शक्ति एवं प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम में दुर्ग-भिलाई समेत आसपास के सभी गांवों, समाजों और धर्मों के लोगों को आमंत्रित किया गया है। संस्था ने अपील की है कि पेड़ लगाना सिर्फ पर्यावरण ही नहीं मानवता और धर्म की भी सबसे बड़ी सेवा है।

माता का अभिषेक, मंदिरों में पूरे दिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना

# गुप्त नवरात्र पर 51 कन्याओं की पूजा कर कराया भोज, महाआरती कर महाप्रसाद का वितरण

कार्नर न्यूज



दुर्ग। आषाढ़ महीने की गुप्त नवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार को विभिन्न स्थानों में हवन पूजन कर कन्या भोज का आयोजन किया गया। इसी कड़ी मेंश्री सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर गंजपारा में 9 दिनों तक मंदिर परिसर में विशेष आयोजन किये गए। गुप्त नवरात्र के दौरान 9 दिनों तक अखंड ज्योति कलश की स्थापना के साथ ही रोज माता का विशेष श्रृंगार कर आरती की गई। नवमी के अवसर पर पूजा अर्चना के बाद कन्या पूजन कर कन्या भोज का आयोजन किया गया।



### मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए गुप्त नवरात्र की पूजा

मंदिर के मुख्य पुजारी पं सुनील पांडेय ने बताया कि एक साल में 4 बार नवरात्रि का पर्व आता है जिनमे 2 प्रकट नवरात्रि और 2 गुप्त नवरात्रि होती हैं। माघ और आषाढ़ माह में पड़ने वाली नवरात्रि को गुप्त नवरात्रि कहा जाता है। गुप्त नवरात्रि पर मां दुर्गा की गुप्त रूप से पूजा करने की परंपरा है। इन विशेष अवसर पर साधक अपनी मनोकामनाओ की पूर्ति के लिए देवी की साधना करते हैं। गुप्त नवरात्र में मां काली, तारा, त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी, छिन्नमस्ता, त्रिपुर भैरवी, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी, कमला की विशेष पूजा अर्चना होती है।

### माता का हुआ विशेष श्रृंगार

समिति के सदस्य कुलेश्वर साहू ने बताया कि गुप्त नवरात्र की अष्टमी तिथि के अवसर पर भैरव अष्टमी भी बनाई गई। माता को भोग का प्रसाद चढ़ाया और शाम को 51 पूजा थाल से माता की महाआरती की गई। शुक्रवार को नवमी के अवसर पर सुबह 9 बजे मां दुर्गा का पूजन, अभिषेक विधि-विधान से कर विशेष श्रृंगार किया गया और आरती के बाद दोपहर 12 बजे कन्या पूजन कर कन्या भोज का आयोजन किया गया।इस दौरान 51 कन्या माताओं, 1 भैरव, 1 लंगूर बाबा रूपी बालक को भोजन कराया गया। नवरात्र पर मंदिर में विशेष साज-सज्जा भी कराई गई और रोज धर्मप्रेमियों द्वारा अपने अपने घर से अलग अलग प्रकार का प्रसाद बनाकर वितरण किया गया। आयोजन में प्रतिभा सुरेश गुप्ता, अशोक राठी, जन समर्पण सेवा संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा, इंद्राणी साहू, मिथला देवी, प्रतिभा पुरोहित, मनोज लोहानी, सोनू, खुशी, अनोखी सेन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

सिटी इवेंट

## श्रद्धांजलि सभा में याद किए गए पूर्व विधायक भजन सिंह



**भिलाई।** वैशाली नगर विधानसभा के पूर्व विधायक और साडा अध्यक्ष स्व. भजनसिंह निरंकारी की दूसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में उनके साथ राजनीतिक शुरुआत करने वालों से लेकर उनके साथियों ने उन्हें याद किया। बताया गया कि साडा के समय बने बटालियन के पास जल शोधक संयंत्र, नेहरू नगर, प्रियदर्शिनी नगर, सुपेला सब्जी मार्केट, सुपेला लालबहादुर शास्त्री चिकित्सालय, इंदिरा गांधी कॉलेज वैशाली नगर, पट्टा वितरण, नेहरूभवन निर्माण से लेकर भिलाई 3 में विकास कार्यों में उनका योगदान अहम है।श्रद्धांजलि सभा में एमआईसी मेंबर संदीप निरंकारी ने उनके कार्यों को स्मरण करते हुए कहा कि वे आज हमारे बीच नहीं हैं, परंतु उनके बताए हुए मार्ग हम सभी को प्रेरणा के साथ मार्ग दिखाते रहेगा। आयोजित कार्यक्रम में महापौर नीरज पाल, अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, सभापति गिरवर बंटी साहू, समाज सेवी संजय ओझा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव धर्मेंद्र यादव, मनीष बंछोर, सुभाष साव, संजय ओझा, नंदकुमार कश्यप सहित अन्य मौजूद थे।

सिटी लाइव

## पुलिस ऑपरेशन मुस्कान ऐसा अभियान जिसने 807 लोगों को परिजनों से मिलाया




**भिलाई।** पुलिस का ऑपरेशन तलाश बिछड़े लोगों को मिलाने का काम कर रहा है। महज एक महीने में अभियान चलाकर गुमुशदा 807 लोगों को उनके परिजनों से मिलाया गया है। इसमें महिलाएं और बच्चों की संख्या ज्यादा है। जानकारी के मुताबिक पुलगांव 36, पाटन 23, मोहन नगर 21, कुम्हारी 12, बोरी 13, धमधा 14, खुर्सीपार 26, सुपेला 48, उतई 12, छावनी 14, वैशाली नगर 10, जामुल 24, जामगांव आर 11 एवं नेवई 13 कुल 277 महिला व पुरुष को बरामद किया गया है। अभियान के दौरान छत्तसीगढ़ राज्य से 530 महिला व पुरुष बरामद किया गया। इस प्रकार 1 जून से लेकर अब तक चले अभियान में 807 लोगों को खोज निकाला गया है। यह अपने तरह की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। पुलिस विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बाहर राज्य से 277 एवं छग राज्य से 530 कुल 80% महिला व पुरुष खोज निकाले गए हैं, जो लंबे समय से पुलिस के रिकार्ड में लापता था। उनके बारे में लगातार पुलिस खोजबीन कर रही थी। परिजनों से मिले इनपुट और अन्य डिजिटल माध्यम से खोजबीन के बाद उन्हें खोजने में सफलता मिली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के विशेष प्रयास और अभिषेक झा, अजय सिंह की सघन जांच के बाद लापता लोगों को खोजा जा सका। इस प्रकार ऑपरेशन मुस्कान के जरिए कई परिवारों के चेहरे में मुस्कान लौट आई।

- तकनीकी सहायता और मोबाइल लोकेशन के आधार पर गुमशुदा लोगों को खोजा जा रहा

सिटी इवेंट

## बीएमवाई चरोदा में गोल्डन स्टार्स बाल वाटिका का किया उद्घाटन



**भिलाई।** बीएमवाई रेलवे कॉलोनी चरोदा में गोल्डन स्टार्स बाल वाटिका का उद्घाटन किया गया। डीआरएम दयानंद कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शामिल हुए। उन्होंने बाल वाटिका को और अधिक उन्नत बनाने के लिए आवश्यक सुझाव अधिकारियों को दिए। दयानंद ने बाल वाटिका मे अध्ययनरत नन्हें-मुन्नें बच्चों से मुलाकात कर उनके साथ समय बिताया। प्राचार्या डी. लक्ष्मी ने स्कूल के बारे में जानकारी दी। उनहोने बताया कि इस वर्ष 18 रेलवे तथा 12 गैर रेलवे के अभिभावकों ने अपने बच्चों को गोल्डन स्टार्स बाल वाटिका में प्रवेश दिलाया गया है। इस अवसर पर उपस्थित शाला नियंत्रण अधिकारी राहुल गर्ग ने कहा कि सीबीएसई की गाइडलाइन और नई शिक्षा नीति 2020 के मानक अनुसार गोल्डन स्टार्स बाल वाटिका को बनाया गया है। इसमें उच्च स्तर की शिक्षा बच्चों को उपलब्ध कराई जाएगी। बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु अन्य सुविधाओं को शीध्र उपलब्ध कराया जाएगा। दयानंद ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य मात्र नौकरी प्राप्त करना ही नही होना चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों को ऐसी शिक्षा उपलब्ध कराई जानी चाहिए, जिससे वे हर क्षेत्र मे पारंगत हों। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजीव बिलैय्या ने किया।

**यौमे आशूरा पर 6 जुलाई को निकलेगा मुख्य जुलूस, जगह-जगह विविध आयोजन होंगे**

# मुहर्रम के लिए जुलूस की तैयारियां अंतिम चरण में, कल निकलेगा ताजिया, अखाड़े और लंगर भी, जारी है कर्बला के शहीदों का बयान

**भिलाई।** कर्बला के शहीदों की याद में मुहर्रम के 10 दिन के आयोजन जगह-जगह हो रहे हैं। शहर के अलग-अलग हिस्सों के इमामबाड़ों में ताजिया बनाने का काम अंतिम चरण में है। वहीं तमाम मस्जिदों और अन्य जगहों पर कर्बला के शहीदों का बयान किए जा रहे है। तमाम ताजिया, अखाड़ा व लंगर कमेटियां अब 10वें मुहर्रम 6 जुलाई को निकाले जाने वाले जुलूस की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गई हैं।





### सुनाई कर्बला के शहीदों की दास्तां

जामा मस्जिद सेक्टर 6 में ज़िक्र ए शोहदा ए कर्बला गुरुवार 3 जुलाई से शुरू हो चुका है। इस दौरान हजरत अल्लामा मौलाना सैयद नैयर अशरफ अशरफी उल जिलानी किछौछा शरीफ (यूपी.) ने कर्बला के शहीदों का बयान किया। उन्होंने कहा कि यजीदी लश्कर के सामने भी ईमाम हुसैन ने हक का दामन नहीं छोड़ा और सजदे में सर कटा कर शहादत दी। इस दौरान दुआएं की गई और तबर्रूर तकसीम किया गया। मस्जिद में 4 जुलाई की रात इमाम-खतीब हाफिज इकबाल अंजुम अशरफी ने कर्बला के शहीदों का बयान किया। यहां तकरीर 5 जुलाई यानी आज भी होगी। भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट के सदर मिर्जा आसिम बेग ने अकीदतमंदों से शामिल होने की गुजारिश की है।

### आज देर रात पावर हाउस चौक पहुंचेगा जुलूस

मुहर्रम की नवमी 5 जुलाई को रात लगभग 10 बजे सभी ताजियादार अपने-अपने ताजिया अखाड़े व अलम सवारी लेकर इमामबाड़ो से निकलकर पावर हाउस चौक पहुंचेगे, वहां देर रात अखाड़ा खेलने के बाद सभी ताजिये व अखाड़े अपने अपने चौक इमामबाड़े लौट जायेगे। इसके बाद 10वें मुहर्रम यानि 6 जुलाई को यौमे आशूरा पर सभी ताजिए अखाड़े और अलग एवं सवारियाँ अपने अपने चौक से दोपहर लगभग 2 बजे लंगर शर्बत, ढोल ताशे के साथ खेलते हुए पावर हाउस चौक पर इकट्ठे होगे।

### खानकाह में हुई परचम कुशाई



नंदिनी एयरोड्रम के समीपस्थ ग्राम बीरेभाठ स्थित खानकाह (आश्रम) भोलइया में मुहर्रम के आयोजन हो रहे हैं। यहां 7वें मुहर्रम की शाम को परचम कुशाई की गई व निशान शरीफ नसब किया गया। वहीं नज़र व नियाज के साथ शरबत सबील पेश किया गया।

### रोजेदारों के लिए इफ्तार कल

मुहर्रम पर यौमे आशूरा का रोजा रखने वाले रोजेदारों के लिए जामा मस्जिद सेक्टर-6 में इफ्तार का इंतजाम रखा गया है। भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट के सदर मिर्जा आसिम बेग ने बताया कि 10नें मुहर्रम रविवार की शाम रोजेदारों के लिए इफ्तार रखी गई है। उन्होंने रोजेदारों से इफ्तार में शामिल होने की अपील की है।

### आलमगीर अशरफ पहुंचे हुडको मस्जिद



किछौछा शरीफ उत्तर प्रदेश से अल्लामा मौलाना सैयद आलमगीर अशरफ अशरफी उल जिलानी मुहर्रम के आयोजनों के सिलसिले में भिलाई पहुंच चुके हैं। वे गुरुवार की शाम आलमगीर अशरफ हुडको स्थित हजरत बिलाल मस्जिद पहुंचे। जहां मस्जिद कमेटी के सदर शाहिद अहमद रज्जन, मस्जिद के इमाम व अन्य लोगों ने गुलपोशी से उनका इस्तकबाल किया। उन्होंने यहां शाम को मगरिब की नमाज अदा करवाई और तकरीर की।

सम्मान समारोह

## अखिल भारतीय प्रतिभा प्रेरणा महासम्मेलन में दामिनी को मिला शिरोमणि पुरस्कार



**भिलाई।** देश की विविध क्षेत्रों में योगदान देने वाली विभूतियों को राष्ट्रीय स्तर पर मुंबई सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय प्रतिभा प्रेरणा महासम्मेलन 2025 का आयोजन भारत रत्न लता मंगेशकर नाट्यगृह मुंबई में आयोजित किया गया था। इस आयोजन में भिलाई की दामिनी साहू को शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दामिनी साहू पिछले 15 वर्षो से सामाजिक, शैक्षणिक और महिला सशक्तिकरण व बच्चों के क्षेत्र में सक्रियता से कार्यरत हैं। वे अपना सपना महिला स्व सहायता समूह के चलाती है। वर्तमान मे बिहान आजीविका मिशन छत्तीसगढ़ के महिला समूहों को उद्यमिता पर मास्टर ट्रेनर के रूप मे प्रशिक्षण दे रही है। इस महासम्मेलन में भारत के विविध राज्यों की प्रतिभाओं, समाजसेवियों, कलाकारों, शिक्षाविदों और नवप्रवर्तकों को एक मंच पर लाकर उनके योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने किया गया था। इस आयोजन में पुस्तक विमोचन, पुरस्कार वितरण और कला-संस्कृति की विविध प्रस्तुतियाँ हुई। इस सम्मेलन में बालाजी एजुकेशन ट्रस्ट के संस्थापक व अध्यक्ष कृष्णा माघुडेरे, महाराष्ट्र राज्य साहित्य अकादमी अध्यक्ष डॉ. कोठिवाले गायकवाड़, राष्ट्रवादी ओबीसी सेल अध्यक्ष संतोषराज बाणेर, पूर्व विधायक भगवानदास पाटिल, डॉ. विजय दीक्षित, वरिष्ठ अधिवक्ता नागपुर डॉ. सीपी कुथारे, ज्योतिषाचार्य नासिक पं. विनोद जाधव, डॉ. जी के ठक्कर, डॉ. डी के ठाकुर, डॉ. राजश्री भट्ट, डॉ एस एल ठाकुर, डॉ. गुरविंदर सिंह बाज, डॉ. दयाशंकर जायसवाल छग आदि उपस्थित थे।

**आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख हस्तियों ने की शिरकत**

**बाजारों की व्यवस्था सुधार के लिए प्रयास**

## बाजार और पार्किंग स्थल के आसपास ट्रैफिक मितान तैनात करने की तैयारी



**भिलाई।** शहर के प्रमुख बाजारों में ट्रैफिक व्यवस्था सुधार को लेकर चैम्बर ऑफ कामर्स का प्रतिनिधि मंडल पुलिस विभाग के अधिकारियों से मिला। नेहरूनगर स्थित यातायाता मुख्यालय में इसे लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान दुर्ग-भिलाई के प्रमुख मार्केट में यातायात व्यवस्था एवं पार्किंग व्यवस्था की समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया गया। चर्चा के दौरान निर्णय लिया गया कि आने वालो दिनों में ट्रेफिक मितान तैनात किया जाए। इससे मार्केट में आने वाले वाहन चालकों को निर्धारित पार्किंग में वाहन खड़ा प्रेरित किया जा सकेगा। ट्रैफिक जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी। ट्रैफिक पुलिस द्वारा ट्रेनिंग देकर मितान तैनात किए जाएंगे। बैठक में अजय भसीन, विकास अग्रवाल, दर्शन, रॉकी अग्रवाल, विनय गोयल, राकेश मल्होत्रा, कोटेश्वर राव, नरेश उपस्थित रहे।

**चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स का प्रतिनिधि मंडल मिला पुलिस विभाग के अफसरों से**

**आज निकलेगी बाहुड़ा यात्रा, महाप्रभु की श्रीमंदिर में वापसी**

कार्नर न्यूज

## महाप्रभु ने रघुनाथ वेश में दिए दर्शन, गुंडिचा मंडप को बनाया फूल महल, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन





**भिलाई।** सेक्टर-6 ए मार्केट में शुक्रवार को मौसी गुंडिचा द्वारा प्रभु जगन्नाथ को रघुनाथ वेश धारण कराया और विभिन्न प्रकार के सुगन्धित फूलों से भगवान का श्रृंगार किया और अन्न, डालमा, महूर, आबूंलवेसर, खीरी, छैना पोड़ा का भोग लगाया गया। आयोजन के अंतिम दिन मंडप में फूल महल बनाया गया। शाम को आरती के बाद श्री सत्य सांई राम लीला मंडली बेलौदी द्वारा रामलीला का मंचन सीता हरण के बाद आज रावण वध और प्रभु राम की अयोध्या वापसी, राम का राज तिलक कर रामायण का समापन किया गया। आज दोपहर 3 बजे जगन्नाथ रथ पर सवार होकर वापस श्री मंदिर जाएंगे। इस दौरान छेरा पहंरा की रस्म सांसद विजय बघेल द्वारा किया जाएगा। आयोजन में पं. तुषार कान्त माहापात्रा, दिलीप महंती, अरुण पंडा, शरद विशाल, गजेन्द्र पंडा, रविन्द्र साहू, शशिभूषण मोहंती, संजय साहू, सन्यास साहू, सुभाष साहू, जितेन्द्र भूइयां, दंडासी पटनायक राजीव भूइयां, हरि राउत, प्रभात त्रिपाठी, संतोष महाराणा, प्रशांत सामल, निलमणी नायक, रविंद्र मुनी, राजेंद्र पंडा, ललित पाणिग्रही, बलराम रथ, सीमांचल माहंती, गौरी साहू सहित काफी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

### ओडीसी और भरतनाट्यम की धूम, मनमोहक मुद्राओं ने मोहा मन

जगन्नाथ समिति, सेक्टर-4 के तत्वाधान में सेक्टर-10 में निर्मित भव्य गुण्डिचा मंडप में नृत्यांजलि कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस दौरान मधुस्मिता दास ओडीसी ग्रुप और आकांक्षा भरतनाट्यम ग्रुप ने नृत्य प्रस्तुतियों से ऐसी धूम मचाई की लोग खड़े होकर तालियां बजाने लगे। नृत्यांगनाओं ने ओडिसी नृत्य प्रस्तुत करते हुए अपनी सुंदर मुद्राओं तथा भाव भंगिमाहों से जहां दर्शकों का मन मोह लिया वहीं भरतनाट्यम की लयबद्ध प्रस्तुति ने दर्शकों को ताली बजाने के लिए मजबूर कर दिया। इस अवसर पर सेफी, चेयरमैन एवं ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर और समिति के महासचिव सत्यवान नायक उपस्थित रहे।

### आज होगी बाहुड़ा रथ यात्रा

शनिवार दोपहर 2 बजे सेक्टर 10 से श्री जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 4 के लिए बाहुड़ा रथयात्रा निकाल जाएगी। इस अवसर पर संजय मिश्रा रथ के समक्ष छेरा पंहरा कार्यक्रम संपन्न करेंगे। इस उत्सव में समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र सतपथी, महासचिव सत्यवान नायक सहित समिति के पदाधिकारी त्रिनाथ साहू, भीम स्वांई, अनाम नाहक, डी त्रिनाथ, बसंत प्रधान, बीसी बिस्वाल, वृंदावन स्वांई आदि उपस्थित थे।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# रैपर को नहीं मिली जमानत, जानें अदालत के फैसले की अहम बातें



हॉलीवुड म्यूजिक प्रोड्यूसर और रैपर सीन 'डिडी' कॉम्ब्स को अमेरिका की एक अदालत ने यौन तस्करी और रैकेटियरिंग साजिश जैसे गंभीर आरोपों से बरी कर दिया है। हालांकि राहत की इस खबर के बीच एक बड़ा झटका भी सामने आया। कॉम्ब्स को दो दूसरे आपराधिक मामलों में दोषी करार दिया गया और उन्हें फिलहाल जेल में ही रहना होगा। कॉम्ब्स को जिन दो मामलों में दोषी पाया गया है, वो हैं- 'वेश्यावृत्ति के उद्देश्य से महिला को ले जाने' के दो अलग-अलग आरोप। इन दोनों मामलों में उन्हें अधिकतम 20 साल की सजा हो सकती है। हालांकि सजा की सुनवाई अक्टूबर 3 को होने वाली है, लेकिन फिलहाल उन्हें जेल से रिहा नहीं किया गया है।

ये हाई-प्रोफाइल केस सिंगर केसी वेंचुरा और एक अन्य महिला के गंभीर आरोपों पर केंद्रित था। वेंचुरा ने दावा किया कि कॉम्ब्स ने उन्हें 11 साल की रिलेशनशिप में शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया, यहां तक कि ड्रग्स और जबरन यौन क्रियाओं में भी शामिल किया। दूसरी महिला, जिसे अदालत में 'जेन' के नाम से पहचाना गया, उसने भी यही आरोप लगाए कि वो कॉम्ब्स की बनाई पार्टियों के जाल में फंस गईं और उसके साथ यौन अपराध हुए। इस केस में सरकार ने कॉम्ब्स पर संगठित अपराध चलाने का भी आरोप लगाया था, जिसमें जबरन मजदूरी, रिश्वत, अपहरण और यौन तस्करी शामिल थे। लेकिन जूरी ने इन गंभीर आरोपों को खारिज कर दिया क्योंकि उन्हें पर्याप्त प्रमाण नहीं मिले कि कॉम्ब्स ने किसी 'क्रिमिनल एंटरप्राइज' का हिस्सा बनकर ये अपराध किए।

### टॉलीवुड

# मोहन होंगे बिग बॉस मलयालम के होस्ट दर्शकों के लिए शामिल होने का मौका



मलयालम 'बिग बॉस 7' के लिए कास्टिंग की प्रक्रिया जारी है। इस शो के होस्ट का नाम तय हो गया है। मलयालम के दिग्गज एक्टर मोहनलाल इस शो को होस्ट करेंगे। यह शो एशियानेट चैनल पर प्रसारित होता है। चैनल ने लोगों से शो का हिस्सा बनने के लिए आवेदन मांगे हैं। चैनल ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में लिखा 'बिग बॉस फैंस ध्यान दें। क्या आप बिग बॉस के घर में आने का सपना देख रहे हैं? तो आपके पास सुनहरा मौका है।'

एक दूसरी पोस्ट में उन्होंने बताया है कि बिग बॉस में आने के लिए कैसे आवेदन करना है। इसमें बताया गया है कि लोग एशियानेट और माईजी को इंस्टाग्राम पर देखते रहें। इसके बाद 50 एमबी साइज की तीन मिनट की अपनी वीडियो बनाएं जिसमें यह बताएं कि वह क्यों इस शो का हिस्सा बनना चाहते हैं। इस वीडियो को बीबी7डॉटजियोहॉटस्टारडॉटकाम पर अपलोड करें।

इस पोस्ट को कई यूजर्स ने लाइक किया है और इस पर कमेंट किया है। एक यूजर ने लिखा है 'तनाव कम करने वाला शो आ रहा है।' कई दूसरे यूजर्स ने पोस्ट पर दिल वाला इमोजी पोस्ट किया है। आपको बता दें कि मलयालम बिग बॉस का पहला शो साल 2018 में टेलीकास्ट किया गया था। इस शो में मोहनलाल होस्ट थे। पिछला सीजन 10 मार्च 2024 से 6 जून 2024 तक प्रसारित किया गया था। इस शो में 19 कंटेस्टेंट ने हिस्सा लिया था। जिंटो बॉडीक्राफ्ट इस शो के विनर रहे थे।

### ओटीटी


# अपूर्व अभिनीत चार शॉर्ट फिल्में लांच



फिल्मीकैंडी एंड यूनिटी प्रोडक्शन एलएलपी ने चार शॉर्ट फिल्में रिलीज की है। ये चारों फिल्में 'इंस्टेंट लोन', 'फैमिली बॉय', 'ए कप ऑफ कॉफी', और 'झुनझुना'-समाजिक मुद्दों पर आधारित हैं और हंगामा ओटीटी पर उपलब्ध हैं। इसके साथ ही हंगामा ओटीटी ने छत्तीसगढ़ के दर्शकों के लिए अच्छे कंटेंट को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने और रायपुर के उभरते कलाकार अपूर्व डेगन की प्रतिभा को लाने एक कोशिश की है। कलाकार अपूर्व डेगन, निर्देशक खुशबू झा, और निमार्ता हर्ष टोगानी ने बताया कि चारों शॉर्ट फिल्में आज के दौर से जुड़े अहम सामाजिक मुद्दों पर आधारित हैं

'इंस्टेंट लोन'- यह फिल्म युवाओं को आसानी से मिलने वाले लोन के खतरों के प्रति आगाह करती है। यह दिखाती है कि कैसे ये लोन बड़ी परेशानी और कर्ज में फँसा सकते हैं। निर्देशक खुशबू झा के अनुसार, यह फिल्म युवाओं और उनके माता-पिता के लिए एक 'वेक-अप कॉल' है। 'फैमिली बॉय' - यह फिल्म ओवर-पैम्परिंग यानी बच्चों को जरूरत से ज्यादा लाड- प्यार देने के प्रभाव पर बात करती है। फिल्म का संदेश है कि माता-पिता को बच्चों को आत्मनिर्भर बनने देना चाहिए। 'ए कप ऑफ कॉफी' फिल्म बताती है कि लोगों को सिर्फ बाहरी रूप से जज नहीं करना चाहिए। इसमें यह सीख दी गई है कि इंसान को उसकी आत्मा से पहचाना जाए, न कि उसके दिखावे से । 'झनझना' - यह एक भावनात्मक फिल्म है जो गहरे रिश्तों और असली जुड़ाव को दशार्ती है। यह बताती है कि सच्चे रिश्ते सिर्फ देखने से नहीं, दिल से महसूस करें।

यहां फैशन के रुझान को ऊँचाई के स्पर्श से उभारा गया है। एक पहाड़ की चोटी पर आयोजित फैशन शो के दृश्य की कल्पना करें, जहाँ बहुत से मॉडल सुरुचिपूर्ण ढंग से रनवे पर चलते हैं। वे बर्फ से ढकी पर्वत श्रृंखला और नीले आसमान की पृष्ठभूमि में अभिकल्पित की गई तस्वीर है। हालांकि यह हकीकत में भी तब्दील हो सकती है।




# पैरों की खूबसूरती में चार चांद लगाएंगे देसी नुस्खे

अक्सर हम लोग चेहरा और हाथ को चमकाने की मेहनत में अपने पैरों को नजरअंदाज कर देते हैं। ऐसे में आइए आपको पैरों को खूबसूरत बनाने के लिए कुछ टिप्स देते हैं।

बारिश के मौसम का सबसे ज्यादा असर पैरों पर ही पड़ता है, क्योंकि इस मौसम में जमीन पर गंदा पानी रहता है। इसके साथ-साथ लगातार बढ़ती नमी भी पैरों में होने वाले फंगल इंफेक्शन का कारण बनती है। यदि पैरों की देखरेख सही से न की जाए तो दिक्कत काफी बढ़ जाती है।

पर, हम में से ज्यादातर लोग अपने चेहरे और हाथ का ध्यान तो रख लेते हैं, लेकिन पैरों की खूबसूरती की तरफ ध्यान ही नहीं देते। ऐसे में हम आपको तीन ऐसे असरदार तरीके बताएंगे, जिसको आजमाने के बाद आपके पैरों की खूबसूरती कई गुना बढ़ जाएगी। इसके बाद आपको पेडिक्योर कराने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी।



### पैरों को पानी में डुबोकर रखें

यदि आप अपने पैरों को खूबसूरत बनाना चाहती हैं तो हफ्ते में कम से कम तीन बार पैरों को गर्म पानी में डुबोकर रखें। इसके लिए सबसे पहले एक टब या फिर बाल्टी में गुनगना पानी लें और उसमें थोड़ा सा नमक, नींबू का रस और शैंपू मिक्स करें। इसे थोड़ा मिक्स करने के बाद इस पानी में कम से कम 10-15 मिनट तक पैर डुबोकर रखें। पैरों को डुबोकर रखने के बाद किसी स्क्रबर से पैरों को साफ करें।

### हफ्ते में दो बार करें स्क्रब

पैरों को हमेशा खूबसूरत बनाए रखने के लिए अपने पैरों को हफ्ते में कम से कम को बार स्क्रब करें। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि बारिश के मौसम में पैरों में गंदगी काफी जम जाती है, जिस कारण पैरों की सतह पर डेड स्किन जमने लगती है।

चाहे तो घर पर ही स्क्रब बना लें, नहीं तो एक चम्मच शक्कर और नारियल तेल मिलाकर स्क्रब तैयार करें। अब इसे पैरों पर लगाकर धीरे-धीरे मसाज करें। इससे आपके पैरों की डेड स्किन निकलेगी और पैर खूबसूरत दिखने लगेंगे।

### फुट मास्क आएंगे काम

बाजार में अब कई तरह के फुट मास्क आते हैं, जिनके इस्तेमाल से आपके पैर खिल उठेंगे। तो अगर आप ज्यादा झंझट नहीं करना चाहते हैं तो बाजार से रेडीमेड फुट मास्क ले आइए और उसे अपने पैरों पर अप्लाई करिए।

# कुछ मेकअप ट्रेंड कभी आउट ऑफ फैशन नहीं होते, हर मौके पर लगते हैं परफेक्ट




अगर सही से मेकअप किया जाए तो चेहरा कई गुना खूबसूरत हो जाता है, वहीं एक गलती आपके चेहरे की खूबसूरती को बिगाड़ सकती है। समय भले ही बदलता रहे, लेकिन कुछ ऐसे मेकअप ट्रेंड्स होते हैं, जो सदाबहार होते हैं। यहां हम आपको इसी बारे में जानकारी देंगे। आज हम यहां आपको पांच ऐसे ट्रेंड्स के बारे में बताएंगे, जो सालों-साल से सदाबहार हैं।

### नेचुरल लुक

हर उम्र की महिला को नेचुरल लुक काफी पसंद आता है। खासतौर पर जो युवा लड़कियां होती हैं, उन्हें तो सबसे ज्यादा ही नेचुरल लुक पसंद आता है। इस नेचुरल मेकअप लुक में हल्का फाउंडेशन, न्यूड शेड्स की लिपस्टिक और सॉफ्ट ब्लश इस्तेमाल होता है। इसमें स्किन टोन का खास ध्यान दिया जाता है।

### रेड लिपस्टिक



लाल रंग की लिपस्टिक देखने में कमाल की लगती है। क्लासिक रेड लिप कलर हर फेस को तत्काल ग्लैमरस बना देता है। खासतौर पर अगर इस रंग को शादी-पार्टी में इस्तेमाल किया जाए तो लुक सबसे ज्यादा खूबसूरत लगता है। तो अगर आप हल्के रंग का आउटफिट कैरी कर रहे हैं तो लाल रंग की लिपस्टिक कैरी करें, ताकि आपका लुक अच्छा दिखे।

### विंग्ड आइलाइनर



भले ही आप ज्यादा आईमेकअप न करती हों, लेकिन अगर विंग्ड आइलाइनर आंखों पर लगाएंगी तो इससे आपका लुक प्यारा दिखेगा। कैट आइज या विंग्ड लाइनर का चलन दशकों से है, जोकि अब भी फुल ट्रेंड में है। ये आंखों को डिफाइन करता है और हर आउटफिट के साथ अच्छा लगता है। इसे आप दफ्तर में लगाकर जा सकती हैं।

### ड्यूई फिनिश मेकअप

ये मेकअप भी महिलाओं की पसंदीदा लिस्ट में शामिल है। ये स्किन को हाइड्रेटेड और स्वस्थ दिखाता है, जिससे चेहरा काफी यंग दिखता है। ज्यादातर महिलाएं, जिनकी त्वचा काफी डल दिखने लगी है, वो इस मेकअप को कराना पसंद करती हैं। इस में हाईलाइटर, प्राइमर और हल्के फाउंडेशन का इस्तेमाल होता है।

# बिना पार्लर जाए टैनिंग होगी गायब

भले ही मानसून आ गया है, लेकिन तेज चिलचिलाती धूप ने लोगों की स्किन को काफी डैमेज कर दिया है। हर दूसरा व्यक्ति चेहरे, हाथ और पैर की टैनिंग से परेशान है। टैनिंग की वजह से स्किन काफी डैमेज हो जाती है, और उसका रंग बदलकर काला दिखने लगता है। यदि इसे सही समय पर ठीक न किया जाए तो जिद्दी टैनिंग त्वचा पर जम जाती है।

वैसे तो बाजार में हर स्किन टाइप के हिसाब से डी टैन पैक आते हैं, जो स्किन को चमका देते हैं, लेकिन इनके दाम काफी ज्यादा होते हैं। ऐसे में हम आपको घर पर ही आसान विधि से एक किफायती डी टैन पैक बनाने की विधि बताएंगे, ताकि आप भी इसके इस्तेमाल के बाद अपना चेहरा चमका सकें। डी टैन पैक बनाने बेसन – 2 चम्मच, दही – 1 चम्मच,हल्दी – एक चुटकी और नींबू का रस चाहिए। यदि आप घर पर डी टैन पैक बनाना चाहते हैं तो सबसे पहले तो एक कटोरी में बेसन निकाल लें। अब इस बेसन में चुटकीभर हल्दी और दही मिक्स करें। इस पेस्ट में नींबू का रस तभी इस्तेमाल करें, जब ये आपको सूट करता हो। सभी चीजों को अच्छी तरह से मिक्स करने के बाद स्मूद पेस्ट बना लें। ध्यान रखें ये पेस्ट ऐसा होना चाहिए, जो बहे नहीं,



बल्कि स्किन पर थोड़ी देर टिका रहे।

### इस्तेमाल का तरीका

डी टैन पैक बनाने के बाद अब इसके इस्तेमाल का तरीका जान लें। इसके लिए सबसे पहले स्किन को धोएं। यानी कि अगर हाथ-पैर की टैनिंग हटानी है तो सबसे पहले हाथ और पैर को अच्छी तरह से धोकर साफ कर लें, ताकि इसकी गंदगी साफ हो जाए।

अब ब्रश की मदद से तैयार डी टैन पैक को स्किन पर अप्लाई करें। 5-8 मिनट इसे ऐसे ही लगा रहने दें। जब ये हल्का ड्राई हो जाए तो अपने हाथों को गीला करके मसाज करें। 5 मिनट तक मसाज करने के बाद स्किन को सादा पानी से धो लें, ताकि आपकी त्वचा साफ हो जाए। आप इस पैक को हफ्ते में 2–3 बार आसानी से लगा सकते हैं।हफ्ते में दो से तीन बार इस पैक को इस्तेमाल करें।

# बारिश में खुजली से परेशान हो गए तो घर पर रखी ये चीजें देंगी तुरंत राहत

शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जिसे बारिश के मौसम पंसद न हो। खासतौर लोगों को बारिश में भीगना काफी पसंद आता है। पर, इस मौसम में त्वचा संबंधी दिक्कतें बढ़ने लगती है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस मौसम में नमी का स्तर काफी बढ़ जाता है, जिस कारण त्वचा पर खुजली की समस्या उत्पन्न होती है। इसके साथ-साथ खुजली, दाने और रैशेज जैसे लक्षण आम हो जाते हैं।

इस समस्या से बचने के वैसे तो कई उपाय हैं, लेकिन हम आपको कुछ ऐसे उपाय बताएंगे, जिनको ट्राई करने के बाद आपको तुरंत राहत मिलेगी। यहां हम आपको कुछ ऐसे ही नुस्खों के बारे में बताते हैं, ताकि आप तत्काल ही इसका इस्तेमाल कर सकें।

### नीम के पत्ते

हर घर के आस-पास आपको नीम के पत्ते काफी आसानी से मिल जाएंगे। नीम में एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं, जो खुजली और फंगल इन्फेक्शन से राहत दिलाते हैं। ऐसे में आप इसके



इस्तेमाल से शरीर की खुजली को दूर कर सकते है। इसका इस्तेमाल करना काफी आसान है। इस्तेमाल के लिए सबसे पहले नीम के पत्तों को पानी में उबाल लें, और इस पानी को ठंडा करके नहाने के लिए इस्तेमाल करें। आप कुछ दिन इसके इस्तेमाल के बाद ही खुजली से राहत पा सकते हैं।

### नारियल तेल और कपूर

ये दोनों चीजें हर समय-हर घर में उप्लब्ध होती हैं। ऐसे में आप चाहें तो ये नुस्खा आजमाकर भी शरीर की खुजली को दूर कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले नारियल तेल में थोड़ा सा कपूर मिक्स करें।

## कार्नर न्यूज

### बालों को संवारिए अपने शौक से

# फेस शेप के अनुसार चुनें अपनी हेयरस्टाइल तारीफ होगी जबरदस्त और मिलेगा स्टाइलिश लुक

पुरुषों को अपने बालों से कितना प्यार होता है। ये हम सभी जानते हैं। कभी प्यार या लाड में उनकी मां या बहनें उनके बालों को छेड़ दें। तो बाल खराब होने के डर से गुस्से में लाल-पीले हो जाते हैं। अक्सर देखा गया है, कि पुरुष अधिकतर अपने बालों में हाथ फेरा करते हैं।

ये बिल्कुल भी कहना गलत नहीं होगा, कि पुरुषों के लिए उनके बाल किसी गहने से कम नहीं होते हैं। उनकी खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए उनके बालों का स्टाइल सबसे जरूरी भूमिका निभाता है। आज हम आपको कुछ ऐसी हेयरस्टाइल बताएंगे। जिन्हें आप अपने चेहरे की शेप के मुताबिक बना सकते हैं।

### चौकोर चेहरे के लिए

जिन पुरुषों का चेहरा चौकोर के आकार का होता है। उन्हें साफ-सुथरा और क्लासी हेयरस्टाइल रखना चाहिए। जिसमें बालों की शॉर्ट लेयर्स हों, क्लोज फेड्स हों। चौकोर चेहरे वाले मेंस के लिए साइड पार्टिंग हेयरस्टाइल काफी सूट करती है।

### ओवल चेहरे के लिए



जिनका चेहरा लंबा होता है। उस आकार को 'ओबलोंग' कहा जाता है। ऐसे में जिन पुरुषों के चेहरे की शेप ओबलोंग होती है। उन्हें ऐसा हेयरकट करवाना चाहिए जिसमें उनका चेहरा लंबे के बजाए छोटा नजर आए। जैसे कि अगर ओबलोंग शेप के पुरुष टॉप से बालों को लंबा और साइड से हल्का सा छोटे रखें तो आपके बालों का स्टाइल काफी अच्छा लगेगा। ओबलोंग चेहरे के शेप के पुरुष साइड के हेयर्स भी कट करवा सकते हैं।

### राउंड शेप चेहरे के लिए

जिन पुरुषों का चेहरा राउंड यानी कि गोल आकार का होता है उन्हें छोटे ही बाल रखने चाहिए। साथ ही उन्हें फ्रिंजेंस यानी कि लटे नहीं रखनी चाहिए। अगर गोल चेहरे वाले पुरुष फ्रिंजेंस रखते हैं तो उनका चेहरा और छोटा दिखने लगता है। ऐसे में इन्हें छोटे और साइड मांग निकालकर ही अपने बालों को स्टाइल करना चाहिए।

### चेहरे के अनुसार कैसे चुनें सही हेयरस्टाइल

सही हेयरस्टाइल न केवल आपके लुक को निखारता है बल्कि आपके आत्मविश्वास को भी



बढ़ाता है. जानें किस प्रकार के चेहरे के लिए कौन सी बालों की लंबाई सबसे अच्छी है और अपने लुक को और भी आकर्षक बनाएं.

चेहरे के आकार के अनुसार बालों की लंबाई का चयन करना न केवल आपके लुक को निखारता है बल्कि आपके आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है. बाल हमारे व्यक्तित्व का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं, और सही हेयरस्टाइल हमें और भी आकर्षक बना सकता है. आइए जानें कि किस प्रकार के चेहरे के लिए कौन सी बालों की लंबाई सबसे अच्छी है. सही हेयरस्टाइल चुनकर आप अपने चेहरे की उभार सकते हैं. इसलिए, अगली बार जब आप हेयरकट के लिए जाएं, तो अपने चेहरे के आकार के अनुसार बालों की लंबाई का चयन जरूर करें.

### गोल चेहरा

गोल चेहरे वाले लोगों के लिए, ऐसा हेयरस्टाइल चुनना चाहिए जो चेहरे को लंबा दिखाए. लंबे बाल, विशेषकर कंधों से नीचे तक की लंबाई, चेहरे को लंबा दिखाने में मदद करते हैं।